INS ACCREDITED
यूनिकॉम
unicomadvertising.com

प्रेरणास्रोत पूज्यनीय राजनलाल गौतम जी

सांध्य दैनिक

# यूनिक समय

RNI-UPHIN/2023/85053

डीएवीपी द्वारा मान्यता प्राप्त: DAVP-: 134220
डाक पंजीकृत संख्या मथुरा 071/2026—28

Sweety BY MR GROUP Presents
Unique Samay Update
uniquesamay.com

वर्ष-4 | अंक-33 | मथुरा, सोमवार, 30 मार्च 2026 | पेज-12 | 5 रुपया | www.facebook.com/uniquesamay | twitter.com/Theuniquesamay | www.linkedin.com/in/uniquesamay

# द्वितीय पुण्यतिथि



## स्व. कृष्ण कुमार अरोड़ा जी

(चेयरमैन गिरिराज ग्रुप)

12.08.1941 - 31.03.2024

आज आपकी द्वितीय पुण्यतिथि पर, हम सभी परिवारजन नम आँखों से आपको श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं। आपकी सरलता, निःस्वार्थ स्नेह और आपका कर्मयोगी जीवन हमारे लिए शाश्वत प्रेरणा का स्रोत है। आपने हमें सत्यनिष्ठा, सेवा और समर्पण का जो मार्ग दिखाया है, हम सब परिवारजन उस पर अडिग रहने का आज पुनः संकल्प लेते हैं।

**श्रद्धानवत**

श्रीमती मधु अरोड़ा (पत्नी)

श्रीमती बृजलता अरोड़ा
(भाभी)
ललित-बीना अरोड़ा
(भाई-भाभी)
कुशाग्री, श्रेया (पौत्री)

सारिका-अजय वाधवा
(पुत्री-दामाद)
कृति-जागृत अरोड़ा
(पौत्री-पौत्री दामाद)

कुलदीप-मीनू अरोड़ा
संदीप-ज्योति अरोड़ा
(पुत्र-पुत्रवधू)
आयुष-काव्या अरोड़ा
(पौत्र-पौत्रवधु)

**प्रतिष्ठान**

- गिरिराज ग्रुप ऑफ कम्पनीज
- कुलदीप अरोड़ा एण्ड एसोसिएट्स
- गिरिराज फॉइल्स प्रा. लि.

प्रेरणास्रोत पूज्यनीय राजनलाल गौतम जी

INS ACCREDITED
यूनिकॉम
unicomadvertising.com

सांध्य दैनिक
# यूनिक समय

RNI-UPHIN/2023/85053

डीएवीपी द्वारा मान्यता प्राप्त : DAVP-: 134220
डाक पंजीकृत संख्या मथुरा 071/2026—28

Sweety BY MR GROUP Presents
Unique Samay Update
uniquesamay.com

वर्ष-4 | अंक-33 | मथुरा, सोमवार, 30 मार्च 2026 | पेज-12 | 5 रुपया | www.facebook.com/uniquesamay | X.com/Theuniquesamay | www.linkedin.com/in/uniquesamay

## पीसीएस में बेटियों का जलवा: 21 लड़कियां बनीं डिप्टी कलेक्टर, 17 डीएसपी में सात बेटियां




**यूनिक समय, नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा घोषित यूपीपीएससी पीसीएस 2024 के अंतिम परिणामों में बेटियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इतिहास रच दिया है। इस बार न सिर्फ उनकी संख्या बढ़ी है, बल्कि शीर्ष पदों पर भी उनका वर्चस्व देखने को मिला है। कुल 932 चयनित अभ्यर्थियों में 319 लड़कियां शामिल हैं, जो लगभग 34.22 प्रतिशत है। खास बात यह रही कि डिप्टी कलेक्टर (एसडीएम) के 37 पदों में से 21 पर बेटियों ने कब्जा जमाया, जो करीब 57 प्रतिशत है। टॉपर्स की सूची में भी बेटियों का दबदबा साफ नजर आया। नेहा पांचाल ने पहली रैंक हासिल कर टॉप किया। वहीं अनन्या त्रिवेदी दूसरे स्थान पर रहीं। इसके अलावा अनामिका मिश्रा, नेहा सिंह (5वीं रैंक), दीप्ति वर्मा, पूजा तिवारी, नेहा तोमर (11वीं रैंक), दीक्षा अग्रवाल, गरिमा शर्मा, करिश्मा चौहान, ज्योति, सोनम यादव और श्वेता वर्मा जैसी बेटियों ने भी शानदार सफलता हासिल की। इस बार एक खास संयोग भी देखने को मिला, जहां नेहा पांचाल, नेहा सिंह और नेहा तोमर—तीनों अलग—अलग अभ्यर्थियों ने टॉप रैंक में जगह बनाकर खास चर्चा बटोरी। तीनों अब डिप्टी कलेक्टर के पद पर कार्य करेंगी। वहीं डिप्टी एसपी पदों पर भी बेटियों ने अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। कुल 17 पदों में से 7 पर लड़कियों का चयन हुआ है, जो उनके बढ़ते आत्मविश्वास और क्षमता को दर्शाता है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह परिणाम बदलते समाज की तस्वीर पेश करता है, जहां बेटियां अब केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि प्रशासनिक सेवाओं में भी अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। यह सफलता उन परिवारों के लिए भी गर्व का विषय है, जिन्होंने बेटियों को आगे बढ़ने का अवसर दिया। कुल मिलाकर, यूपीपीएससी पीसीएस 2024 का यह परिणाम बेटियों के सशक्तिकरण की एक मजबूत मिसाल बनकर सामने आया है।

# बांके बिहारी मंदिर क्षेत्र में मिलावटी पेड़ा को लेकर छापेमारी से हड़कंप

### 664 किलोग्राम दूषित पेड़ा को नष्ट कराया

### डीएम के निर्देश पर पेड़ा की दुकानों पर हुई ताबड़तोड़ छापेमारी

### तीन दुकानों से पेड़ा और मिल्क केक के सात नमूने लिए गए

### राजकीय प्रयोगशाला में भेजे गए सभी खाद्य नमूनों की जांच शुरू

प्रमुख संवाददाता



**यूनिक समय, मथुरा।** ठाकुर बांके बिहारी मंदिर क्षेत्र में मिलावटी बिक रहे पेड़ा की बिक्री को रोकने के लिए छापा मारी की गई। डीएम सीपी सिंह के निर्देश पर सोमवार को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने वृंदावन क्षेत्र में विशेष अभियान चलाया। ठाकुर बांके बिहारी मंदिर के आसपास स्थित पेड़ा विक्रेताओं की दुकानों का निरीक्षण किया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी रीना शर्मा ने पेड़ा के तीन नमूने जांच हेतु लिए गए। वहीं विद्यापीठ चौराहा स्थित दुकानों से खाद्य सुरक्षा अधिकारियों धर्मेंद्र, रामनरेश और मोहर सिंह की टीम ने पेड़ा के तीन नमूने और मिल्क केक का एक नमूना संग्रहित किया। सात खाद्य नमूनों को राजकीय खाद्य प्रयोगशाला भेजा गया है। इनकी रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई के तहत मार्च 2026 में अब तक बांके बिहारी मंदिर क्षेत्र से 12 पेड़ा के नमूने जांच के लिए भेजे जा चुके हैं। निरीक्षण के दौरान अस्वच्छ परिस्थितियों में रखे लगभग 664 किलोग्राम दूषित पेड़ा को नष्ट कराया गया, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। गौरतलब है कि मंदिर के आसपास ही नहीं बल्कि कई क्षेत्रों में मिलावटी पेड़ा की बिक्री धड़ल्ले से की जा रही है। कई श्रद्धालुओं की शिकायत है कि वह पेड़ा को ठाकुरजी को अर्पित करने के घर ले जाते हैं तो डिब्बा खोलने के बाद वह खराब मिलता है।

### खाद्य लाइसेंस नियमों में बड़ा बदलाव

**यूनिक समय, मथुरा।** भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (ररअक) ने एक अप्रैल 2026 से खाद्य कारोबारियों के लिए नए नियम लागू किए हैं। अब खाद्य पंजीकरण और लाइसेंस आजीवन/सतत वैध रहेगा। पंजीकरण की सीमा बढ़ाकर 1.5 करोड़ वार्षिक टर्नओवर कर दी गई है। 1.5 करोड़ से 50 करोड़ तक के कारोबार पर राज्य लाइसेंस अनिवार्य। 50 करोड़ से अधिक टर्नओवर पर केंद्रीय लाइसेंस जरूरी होगा।

### हर जिले में दो पेट्रोल पंपों का होगा चयन

## खाना बनाने और रोशनी के लिए मिलेगा मिट्टी का तेल

### ईंधन के संकट को लेकर केंद्र सरकार का फैसला

यूनिक समय ब्यूरो

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** युद्ध के कारण बढ़ रहे ईंधन के संकट को लेकर केंद्र सरकार ने हालात को संभालने के लिए कुछ जरूरी कदम उठाए हैं। सरकार ने अब मिट्टी के तेल यानी केरोसिन की उपलब्धता बढ़ाने के लिए नियमों में अस्थायी ढील देने का फैसला किया है। 29 मार्च को जारी एक गजट अधिसूचना में बताया गया कि देश के 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 60 दिनों के लिए अतिरिक्त केरोसिन की आपूर्ति की जाएगी। इसका मकसद साफ है, लोगों को ईंधन की कमी से राहत देना। दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और गुजरात जैसे बड़े राज्यों को भी इस योजना में शामिल किया गया है। सरकार चाहती है कि जरूरतमंद लोगों तक जल्दी और आसानी से केरोसिन पहुंचे, खासकर उन इलाकों में जहां वैकल्पिक ईंधन के साधन कम हैं। इस बार एक दिलचस्प बदलाव भी किया गया है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों के कुछ पेट्रोल पंपों को अब केरोसिन रखने और बेचने की अनुमति दी गई है। हर चुने गए पेट्रोल पंप पर अधिकतम 5,000 लीटर तक केरोसिन स्टोर किया जा सकेगा। साथ ही, हर जिले में सिर्फ दो पेट्रोल पंपों को ही इसके लिए चुना जाएगा, ताकि व्यवस्था नियंत्रित रहे। सप्लाई को तेज करने के लिए सरकार ने लाइसेंस से जुड़े कुछ नियमों में भी छूट दी है। यानि जो डीलर और वाहन केरोसिन की ढुलाई और वितरण में लगे हैं, उन्हें कुछ प्रक्रियाओं से राहत मिलेगी। इससे उम्मीद है कि सप्लाई चेन पहले से ज्यादा तेज और सुचारु हो जाएगी। हालांकि, सरकार ने साफ किया है कि इस केरोसिन का इस्तेमाल केवल घरेलू जरूरतों जैसे खाना बनाने और रोशनी के लिए ही किया जा सकेगा। इसका मकसद दुरुपयोग को रोकना है। एक और अहम बात यह है कि जिन इलाकों में पहले केरोसिन की आपूर्ति धीरे—धीरे बंद कर दी गई थी, वहां भी अब इसे अस्थायी तौर पर फिर से शुरू किया जा रहा है। इससे उन लोगों को राहत मिलेगी जो अभी भी इस ईंधन पर निर्भर हैं। सुरक्षा को लेकर भी कोई समझौता नहीं किया गया है। पेट्रोलियम और एक्सप्लोसिव सेफ्टी से जुड़े सभी नियम और दिशानिर्देश पहले की तरह लागू रहेंगे।

**बदलाव** — विदेशी विलासिता छोड़, मिट्टी की ओर लौटते 'एनआरआई साधु'

# विदेश में कमाया, अब गांव में बसाया सपना

### एसी अपार्टमेंट छोड़ आंगन की ठंडी छांव की तलाश

### मंदिर शैली वाले घर बन रहे नई पहचान



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** विदेश की चमचमाती जिंदगी, ऊंची—ऊंची इमारतें, एसी मॉल और कॉफी की महंगी खुशबू—इन सब से थक—हारकर अब एनआरआई लोगों को अचानक अपने गांव की मिट्टी, गोबर और लकड़ी की याद आने लगी है। ऐसा लग रहा है जैसे दुबई, न्यूयॉर्क और सिंगापुर में बैठकर किसी ने एक साथ "वास्तु जागरण अभियान" शुरू कर दिया हो। केरल के पय्यानूर में दुबई से लौटे सुमेश और आथिरा ने ऐसा 'हॉलिडे होम' बनाया है, जिसे देखकर लगता है कि वास्तु शास्त्र ने खुद आकर डिजाइनिंग की हो। घर में आधुनिक सोफा कम और मंदिर शैली ज्यादा और दीवारें कम, लकड़ी के स्तंभ ज्यादा। एच—आकार का यह घर देखकर कोई भी समझ सकता है कि अब लग्जरी का मतलब लेदर नहीं, "लैटराइट स्टोन" हो गया है। कहीं महाबलीपुरम की कृष्ण प्रतिमा विराजमान है तो कहीं उत्तर भारतीय मंदिरों के पुराने खंभे ऐसे खड़े हैं जैसे विदेश में भी भारतीय संस्कृति का वीजा लगवाकर आए हों। लिविंग रूम में विशाल 'विलक्कू' मूर्तियां देखकर लगता है कि घर नहीं, कोई मिनी सांस्कृतिक संग्रहालय खुल गया हो—जहां हर कोना "यादों की प्रदर्शनी" है। कोझिकोड और सिंगापुर तक एनआरआई परिवार अब कंक्रीट को "विदेशी बीमारी" मानकर पुरानी लकड़ी और पारंपरिक आंगन की शरण में जा रहे हैं।

बच्चे भले ही आईपैड से जुड़े हों, लेकिन आंगन उन्हें मिट्टी और बारिश का 'रील अनुभव' दे रहा है।

मनोवैज्ञानिक भी समझा रही हैं कि यह सब "आंतरिक खालीपन" भरने की कोशिश है। यानी विदेशी डॉलर ने जेब तो भर दी, लेकिन दिल अभी भी गांव के कुएं पर बैठा है। कुल मिलाकर, आधुनिकता की दौड़ में जितनी तेजी से लोग आगे भागे थे, अब उतनी ही तेजी से "रिवर्स टिकट" लेकर अपनी जड़ों की ओर लौट रहे हैं—जहां लग्जरी का नया नाम है: मिट्टी, यादें और थोड़ा सा आत्म—सुकून।

## सरकारी हिसाब किताब का कल आखिरी दिन

### कार्यालयों में आए बजट को लेकर फाइलें इधर से उधर

**यूनिक समय, मथुरा।** वित्तीय वर्ष 2025—26 का 31 मार्च को आखिरी दिन है। आखिरी दिन सभी सरकारी कार्यालयों में लखनऊ से आई राशि के बजट को लेकर हिसाब किताब को पूरा करने की कोशिश होगी। राज्य सरकार की ओर विभिन्न मदों में कितना रुपया आया और कितना खर्च हो गया। खर्च करने वालों से बिल तैयार कराकर फाइलों को पूरा किया जाएगा। एक अप्रैल 2025 से मार्च 2026 तक के वित्तीय वर्ष में राज्य सरकार की ओर से विभिन्न कार्यों के लिए आए बजट की राशि को लेकर हर सरकारी विभाग के कार्यालयों में फाइलों को पूरा करने के लिए काम तेजी से चलता नजर आ रहा है, जिससे बजट का हिसाब किताब सरकार को दिया जा सके। जिला कोषागार कार्यालय के कल देर रात्रि तक खुलने की संभावना है। वैसे भी कई और विभागों के कार्यालयों में ही हिसाब किताब को लेकर काम आज भी चला और कल भी चलेगा। यह भी संकेत मिल रहे हैं कि कई विभागों में खर्च करने के लिए आए बजट की राशि सरकार के खजाने में वापस भी जा सकती है। इसलिए तालमेल बिठाकर ऐसी तरकीब लगाई जा रही है कि बजट की राशि फाइलों में खर्च कैसे दिखाई जाए, जिससे अधिकारी जान बच सके। सभी अधिक नजरें ग्राम पंचायतों पर टिकी है। यहां प्रधान और सचिव ग्रामों के विकास को आई बजट की राशि को लेकर चिंतित दिखाई दे रहे हैं। पिछले कई दिनों से ब्लॉक स्तर से ग्राम पंचायत तक फाइलें इधर से उधर चल रही है।

## जनगणना: एक अप्रैल से 33 सवाल के लिए रहें तैयार

# घर–घर पहुंचेगा सवालों का डिजिटल दरबार



**यूनिक समय, मथुरा।** भारत की जनगणना 2027 इस बार कई बड़े बदलावों के साथ शुरू होने जा रही है, जो देश की सामाजिक और आर्थिक तस्वीर को और स्पष्ट करेगी। 1 अप्रैल 2026 से शुरू होने वाली यह प्रक्रिया अब पूरी तरह डिजिटल और ज्यादा विस्तृत होगी। सबसे खास बात यह है कि जनगणना दो चरणों में होगी। पहले चरण में मकानों और बुनियादी सुविधाओं–जैसे दीवार, छत, फर्श, पानी, बिजली, शौचालय और गैस कनेक्शन–से जुड़ी जानकारी ली जाएगी।

दूसरे चरण में परिवार के सदस्यों की सामाजिक, आर्थिक और व्यक्तिगत जानकारी दर्ज की जाएगी, जिसमें जाति से जुड़े सवाल भी शामिल होंगे। इस बार कुल 33 सवाल तय किए गए हैं, जिनमें रोजमर्रा की जिंदगी के लगभग हर पहलू को कवर किया गया है। घर में टीवी, मोबाइल, इंटरनेट, वाहन जैसी सुविधाओं से लेकर परिवार किस तरह का भोजन करता है–यह सब दर्ज किया जाएगा। खास बात यह भी है कि लिव–इन रिलेशनशिप में रहने वाले जोड़ों को, यदि वे खुद को स्थायी मानते हैं, तो विवाहित की श्रेणी में शामिल किया जाएगा।

### सुविधाओं से लेकर खानपान तक सवाल

### पहली बार खुद भर सकेंगे जानकारी

### डेटा रहेगा पूरी तरह गोपनीय, लिव–इन जोड़े भी होंगे शामिल

जनगणना में पहली बार 'सेल्फ एन्यूमरेशन' की सुविधा दी गई है, जिससे नागरिक खुद ऑनलाइन अपनी जानकारी भर सकेंगे। हालांकि, इसके बाद अधिकारी घर–घर जाकर डाटा का सत्यापन भी करेंगे, जिससे गलत जानकारी की संभावना कम रहेगी। तकनीकी रूप से यह प्रक्रिया सी–डैक द्वारा विकसित डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए पूरी की जाएगी। 16 भाषाओं में मोबाइल ऐप और 19 भाषाओं में प्रशिक्षण सामग्री तैयार की गई है, ताकि देशभर में इसे आसानी से लागू किया जा सके। सरकार ने स्पष्ट किया है कि सभी व्यक्तिगत जानकारी पूरी तरह गोपनीय रहेगी और इसे सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत भी साझा नहीं किया जाएगा। करीब 11,000 करोड़ रुपये के बजट वाली इस विशाल प्रक्रिया में केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर काम करेंगी। पहाड़ी और बर्फीले क्षेत्रों में यह प्रक्रिया 1 अक्टूबर 2026 से शुरू होगी, जबकि इसकी संदर्भ तिथि 1 मार्च 2027 रखी गई है। कुल मिलाकर, यह जनगणना सिर्फ आंकड़ों का संग्रह नहीं, बल्कि देश की बदलती जीवनशैली और जरूरतों का व्यापक आईना साबित होगी।

**तापमान / मौसम**

32 डिग्री सेल्सियस अधिकतम

20 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम

**सोना–चांदी भाव**

**सोना**
24 कैरेट 1,47,740
22 कैरेट 1,35,920
(रेट प्रति 10 ग्राम में, जीएसटी समेत)

**चांदी**
2,30,440 प्रति किलो

पढ़िए वो जो पढ़ना चाहिए
यूनिक समय
www.uniquesamay.com

## अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार की बेटी ने पीसीएस परीक्षा में 178वीं रैंक हासिल की

# जीएसटी विभाग में असिस्टेंट कमिश्नर पद पर हुआ चयन



बेटी अक्षिता शगुन के साथ पिता अनिल कुमार।

**यूनिक समय, मथुरा /आगरा।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा घोषित पीसीएस–2024 परीक्षा परिणाम में आगरा की रहने वालीं अक्षिता शगुन ने 178वीं रैंक हासिल कर सफलता प्राप्त की है। रैंक के आधार पर उनका चयन जीएसटी विभाग में असिस्टेंट कमिश्नर पद पर हुआ है। अक्षिता के पिता अनिल कुमार मथुरा नगर निगम में अपर नगर आयुक्त के पद पर तैनात हैं। उनकी सफलता पर परिवार में खुशी का माहौल है। अक्षिता शगुन ने सेंट पॉल स्कूल, आगरा से इंटरमीडिएट करने के बाद दिल्ली विश्वविद्यालय से बीए ऑनर्स में टॉप किया। इसके बाद वर्ष 2018 में जेएनयू से इतिहास विषय में टॉपर रहीं। वर्तमान में वह डॉ. राममनोहर लोहिया विश्वविद्यालय से पीएचडी कर रही हैं। अक्षिता का परिवार प्रशासनिक सेवाओं से जुड़ा रहा है। उनकी मौसी आईपीएस अधिकारी रह चुकी हैं जबकि मामा झांसी में अपर जिला जज के पद पर कार्यरत हैं। इसके अलावा परिवार के अन्य सदस्य भी विभिन्न प्रतिष्ठित पदों पर कार्य कर चुके हैं। विदेश में नौकरी के अवसर मिलने के बावजूद अक्षिता ने देश में रहकर सिविल सेवा में जाने का निर्णय लिया। उनकी सफलता में परिवार का विशेष योगदान रहा खासकर उनकी मां ने हिंदी विषय की तैयारी में सहयोग किया। अक्षिता के पिता अनिल कुमार ने बेटी की सफलता पर खुशी जताते हुए कहा कि उनका सपना है कि वह आगे चलकर यूपीएससी परीक्षा पास कर आईएएस अधिकारी बनें।

# कृष्णांगी त्रिपाठी बनी असिस्टेंट कमिश्नर

### यूपी पीसीएस में 48 वीं रैंक प्राप्त की



**यूनिक समय, वृंदावन।** श्री निंबार्क जूनियर हाई स्कूल के प्रधानाचार्य ब्रजकिशोर त्रिपाठी की बेटी कृष्णांगी त्रिपाठी ने यूपीपीसीएस में 48वीं रैंक हासिल कर सफलता पाई है। कृष्णांगी त्रिपाठी प्रारंभ से ही परिश्रमी, मेधावी व लगनशील रही हैं। अपने कार्य के प्रति सजग रहीं।

प्रारंभिक शिक्षा श्री निंबार्क जूनियर हाई स्कूल, बिहार घाट में हुई । 9 से 12 तक की शिक्षा श्री हनुमान प्रसाद धानुका सरस्वती बालिका विद्या मंदिर में हुई। बीकॉम ऑनर्स जीएलए विश्वविद्यालय से किया। यूपीपीसीएस की तैयारी संकल्प संस्था दिल्ली में रहकर की। तत्पश्चात नैट जेआरएफ क्वालीफाई किया। घर पर ऑनलाइन तैयारी करते हुए यूपीपीसीएस में आज असिस्टेंट कमिश्नर राज्य कर टैक्स विभाग में मुकाम हासिल किया है यह उसकी लग्न परिश्रम का ही परिणाम है अपनी सफलता का श्रेय शिक्षक शिक्षिकाएं एवं माता–पिता को दिया है।

# यूपीपीसीएस में शुभम चतुर्वेदी ने बढ़ाया जिले का मान



**यूनिक समय, मथुरा।** देर रात घोषित यूपीपीसीएस परीक्षा परिणाम में मथुरा के शुभम चतुर्वेदी ने शानदार सफलता प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। कुल 932 चयनित अभ्यर्थियों में स्थान प्राप्त कर शुभम ने अपनी मेहनत और लगन का परिचय दिया। उनकी इस उपलब्धि पर परिजनों सहित शहर के सामाजिक एवं गणमान्य नागरिकों ने हर्ष व्यक्त किया। महौली क्षेत्र के पौर चौबिया पाड़ा निवासी श्रद्धा एवं मनोज चतुर्वेदी के पुत्र शुभम चतुर्वेदी प्रारंभ से ही मेधावी छात्र रहे हैं। उनके बड़े भाई भाजपा नेता अनुराग चतुर्वेदी ने बताया कि शुभम ने परमेश्वरी देवी धानुका स्कूल से इंटरमीडिएट करने के बाद एनआईटी दुर्गापुर से इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी की।

इसके बावजूद उनका रुझान सिविल सेवा की ओर रहा और परिजनों के सहयोग से उन्होंने यह लक्ष्य हासिल किया। उनकी इस सफलता से क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

## गृहकर जमा करने के लिए अंतिम अवसर

**यूनिक समय, मथुरा।** वित्तीय वर्ष 2025-26 की समाप्ति में अब केवल एक दिन शेष रह गया है। महापौर एवं नगर आयुक्त, नगर निगम मथुरा–वृन्दावन के निर्देशानुसार भवन स्वामियों की सुविधा हेतु कर विभाग द्वारा विशेष व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। इसी क्रम में मथुरा–वृन्दावन के विभिन्न स्थानों पर विशेष कर शिविर आयोजित किए गए, जिनमें डीडी प्लाजा कंप्यूटर मार्केट में व्यापारियों ने उत्साहपूर्वक गृहकर जमा कर राजस्व संग्रह में सहयोग दिया। नगर निगम ने जानकारी दी है कि 31 मार्च 2026 को सभी जोनल कार्यालय सायं 7:00 बजे तक खुले रहेंगे। इसके अतिरिक्त करदाता रात्रि 12:00 बजे तक ऑनलाइन माध्यम से भी गृहकर जमा कर सकते हैं। अवकाश के दिन भी अधिकारी एवं कर्मचारी कार्यालयों में उपस्थित रहकर करदाताओं को सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। नगर निगम ने सभी भवन स्वामियों से अपील की है कि वे शीघ्र अपना गृहकर जमा करें। 31 मार्च 2026 के बाद बकाया राशि पर 12% वार्षिक ब्याज देय होगा।

## कलेक्ट्रेट सभागार में सजीव प्रसारण

# आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को मिले नियुक्ति पत्र व स्मार्टफोन



कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकत्री सम्मान पत्र को लेकर अधिकारी और जनप्रतिनिधियों के साथ।

**यूनिक समय, मथुरा।** प्रदेश सरकार द्वारा महिला एवं बाल विकास को मजबूत करने की दिशा में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आंगनबाड़ी कार्यकत्री, सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान करने, स्मार्टफोन वितरण तथा नव निर्मित आंगनबाड़ी केंद्रों के लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।

राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में पूर्वाह्न 11 बजे किया। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में विधायक बलदेव पूरन प्रकाश, एमएलसी ओम प्रकाश सिंह, जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी डॉ. पूजा गुप्ता ने नवचयनित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। साथ ही उन्हें स्मार्टफोन भी प्रदान किए गए, जिससे वे अपने दायित्वों का निर्वहन आधुनिक तकनीक के माध्यम से अधिक प्रभावी ढंग से कर सकें। अधिकारियों ने बताया कि स्मार्टफोन मिलने से आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां अब बच्चों, गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं से संबंधित पोषण एवं स्वास्थ्य आंकड़ों का ऑनलाइन संधारण कर सकेंगी।

इससे योजनाओं की निगरानी अधिक पारदर्शी और सटीक होगी। लाभार्थियों तक सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित की जा सकेगी। इसके अलावा समय–समय पर शासन द्वारा जारी दिशा–निर्देश और प्रशिक्षण सामग्री भी सीधे उनके मोबाइल पर उपलब्ध हो सकेगी। कार्यक्रम के अंतर्गत नव निर्मित आंगनबाड़ी केंद्रों का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी किया। नए केंद्रों के निर्माण से बच्चों और महिलाओं को बेहतर पोषण, स्वास्थ्य एवं शिक्षा संबंधी सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने कहा कि यह पहल महिला सशक्तिकरण और बाल विकास योजनाओं को जमीनी स्तर पर मजबूती प्रदान करेगी। साथ ही नवनिर्मित आंगनबाड़ी केन्द्रों का लोकार्पण भी किया गया। जनप्रतिनिधियों ने जनपद में गत वर्ष निर्मित 80 आंगनबाड़ी केन्द्रों का लोकार्पण किया। इसके अलावा छाता, नंदगांव, फरह और नौहझील में चार नए बाल विकास परियोजना कार्यालयों का शिलान्यास भी किया गया। साथ ही जनपद में स्वीकृत 3 आदर्श आंगनबाड़ी केन्द्रों का भी शिलान्यास हुआ, जिनमें से 2 केन्द्र बलदेव और एक केन्द्र फरह क्षेत्र में स्थापित किए जाएंगे। जिला कार्यक्रम अधिकारी बुद्धि मिश्रा ने बताया कि जिले में 57 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और 271 सहायिकाओं का चयन किया गया है।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में 12 कार्यकत्रियों और 12 सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र दिए गए, जबकि शेष का वितरण क्षेत्रीय कार्यक्रमों में किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान पूर्व में चयनित 24 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को भी स्मार्टफोन वितरित किए गए।

### फ्लाईओवर पर मौत का झटका

# ट्रेलर रेलिंग में अटकने से हवा में लटके दस ट्रैक्टर



गोकुल रेस्टोरेंट के निकट मसानी क्षेत्र स्थित फ्लाई ओवर पर नीचे की ओर लटकता ट्रैक्टरों से भरा ट्रेलर।

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** आज सुबह गोकुल रेस्टोरेंट के पास फ्लाईओवर पर एक बड़ा हादसा टल गया। ट्रैक्टरों से भरा एक ट्रेलर अनियंत्रित होकर फ्लाईओवर की रेलिंग से फंसकर हवा में लटक गया। यह गनीमत रही कि ट्रेलर नीचे नहीं गिरा। वरना बड़ी जनहानि हो सकती थी। जानकारी के अनुसार आगरा-दिल्ली हाईवे पर एक ट्रेलर दिल्ली की ओर जा रहा था। ट्रेलर में करीब 10 नए ट्रैक्टर लदे हुए थे। गोकुल रेस्टोरेंट के समीप फ्लाईओवर पर सुबह करीब 10 बजे चालक का नियंत्रण वाहन से हट गया।

### क्रेनों ने आकर लटके ट्रेलर और ट्रैक्टरों को सीधा किया

अनियंत्रित ट्रेलर रेलिंग तोड़ते हुए बीच में फंस गया और आधा हिस्सा हवा में लटक गया। इसे देख मौके पर यहां से गुजरते लोग हैरान रह गए। लोगों की भीड़ जुट गई। घटना की सूचना मिलते ही थाना गोविंद नगर पुलिस मौके पर पहुंची। स्थिति को संभालते हुए जांच शुरू कर दी। साथ ही ट्रेलर मालिक को भी सूचना दी गई। पुलिस ने क्रेन की मदद से ट्रेलर को सुरक्षित हटवाकर यातायात सुचारू कराया। गोविंद नगर थाना प्रभारी रवि त्यागी ने आशंका जताई कि संभवत चालक को नींद की झपकी आने के कारण हादसा हुआ है।

## सुहागपुर में किशोरी ने लगाई फांसी

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना नौहझील के गांव सुहागपुर में एक किशोरी ने दूसरी बार आज प्रातः घर पर फांसी लगा कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। किशोरी ने पूर्व में भी फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया था। उस समय तो वह बच गई थी। गौरतलब है कि गांव सुहागपुर में 3 मार्च को खेत से लौटते गांव के अर्जुन की भोला उर्फ हर्ष ने सीने में दो गोली मारकर हत्या कर दी थी। भोला उर्फ हर्ष की बहन कल्पना ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगा ली थी। इस मामले को उस समय एसपीआरए ने प्रेम प्रसंग का बताया था। युवक भोला उर्फ हर्ष ने इसके बाद दोनों हाथों में तमंचे लहराते हुए वीडियो वायरल किया था जिसके चलते पूरे इलाके में दहशत फैल गई थी। किशोरी का आगरा में इलाज कराया गया था। जिससे वह ठीक हो गई थी। पुलिस ने भोला उर्फ हर्ष का एनकाउंटर कर उसे गिरफ्तार कर लिया था।

### पहले भी एक बार किशोरी कर चुकी थी आत्महत्या का प्रयास

### भाई ने गोली से भून दिया था ड्राइवर को

बताया गया आज प्रातः सुहागपुर में भोला उर्फ हर्ष की बहन 14 वर्षीय कल्पना ने दोबारा फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। इस घटना के बाद एक बार फिर से गांव में सनसनी फैल गई। पुलिस को भी इस बारे में सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस इस मामले में जांच कर रही है।

### श्री नामदेव टांक रोहिला क्षत्रिय समिति की बैठक कल

**यूनिक समय, मथुरा।** श्री नामदेव टांक रोहिला क्षत्रिय समिति की बैठक 31 मार्च को सायं सात बजे बीएसए इंजीनियरिंग कॉलेज रोड स्थित भगवती मैरिज होम पर होगी। इसमें समाज के समाज के वरिष्ठजनों के सानिध्य में समाज की संस्था को पुनर्स्थापित करने तथा कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए समिति के कार्यवाहक जिला मीडिया प्रभारी कन्हैया लाल टांक ने समाज के सभी बंधुओं से बैठक में उपस्थित होकर अपने विचार रखने का आह्वान किया है।

**यूनिक समय**

स्वामी पवन गौतम के लिए राजकुमार गौतम द्वारा दैनिक यूनिक समय, 6 शंकर विहार, कृष्णा नगर मथुरा 281004 से प्रकाशित एवं बालाजी ऑफसेट प्रिंटिंग प्रेस कृष्णा नगर, मथुरा से मुद्रित।

**कार्यालयः-** यूनिक बिल्डिंग, 289-290 डायबिल नगर, कृष्णा नगर चौक, मथुरा।

संपादक-पवन गौतम

**फोन नंबर-0565-2420150,**

**मो. 9837155888**

**E-mail : uniquesamaynews@gmail.com**

**website : uniquesamay.com**

RNI-UPHIN/2023/85053

DAVP-: 134220

डाक पंजीकृत संख्या मथुरा 071/2026-28

सभी विवादों का न्यायालय स्थान मथुरा होगा।

## छात्र-छात्राओं को परीक्षाफल वितरित

**यूनिक समय, राया (मथुरा)।** प्राथमिक विद्यालय गौसना में प्रधानाध्यापक गोवर्धन दास गुप्ता, एसआरजी अमित कुमार एवं ब्लॉक अध्यक्ष हरिओम गुप्ता ने स्कूल के होनहार छात्र छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। गोवर्धन दास गुप्ता ने बताया कि अप्रैल माह के प्रथम सप्ताह में घर घर जाकर बच्चों को पढ़ाने के लिये जागरूक किया जायेगा। कार्यक्रम में प्राची नीरू नीलम आकांक्षा रतना रचना आदि शामिल थीं। वहीं कस्बा राया के राया बाल मंदिर स्कूल में मेधावी छात्र छात्राओं का सम्मान किया। समारोह में छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड देकर सम्मानित किया। इस दौरान प्रबंधक राकेश अग्रवाल, प्रधानाचार्य उमेशचंद्र सारस्वत, सुशील गर्ग, संगीत, सुनीता, भूपेंद्र सोलंकी, गरिमा, शौरभ एवं अनिल आदि मौजूद थे।

## भाजपा मीडिया प्रभारी भारत शर्मा का अभिनंदन

**यूनिक समय, कोसीकलां।** भारतीय जनता पार्टी के कोसीकलां मंडल का मीडिया प्रभारी नियुक्त होने पर भारत शर्मा का ग्राम बरहाना में मैथिल ब्राह्मण समाज चौपाल पर अभिनंदन किया। इस मौके पर ग्राम प्रधान कपूर सिंह, अखिल भारतीय मैथिल ब्राह्मण महासभा के रामदेव भारद्वाज तथा कोसी कमेटी के उपाध्यक्ष तुरसीराम मैथिल का भी गांव वासियों ने अभिनंदन किया। इस अवसर पर वार्ड मेंबर नरेश कुमार शर्मा, ओमप्रकाश मैथिल, सोनू शर्मा, देवेंद्र शर्मा, हरदेव, दिगम्बर, महेंद्र, राधेश्याम, लालचंद, रवि और दीपक आदि उपस्थित थे।




### बड़ा फैसला

## मन्नत रेजिडेंसी प्रोजेक्ट को मिली हाईकोर्ट से राहत

**यूनिक समय, मथुरा।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मन्नत रेजिडेंसी प्रोजेक्ट से जुड़ी एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए बड़ा फैसला सुनाया है। अदालत ने इस याचिका को खारिज करते हुए प्रोजेक्ट पर पहले से लगी सभी प्रकार की रोक को समाप्त कर दिया है। यह फैसला चीफ जस्टिस अरुण भंसाली और जस्टिस क्षितिज शैलेंद्र की खंडपीठ द्वारा सुनाया गया, जिसके बाद परियोजना से जुड़े पक्षों में राहत की लहर दौड़ गई है।

कोर्ट ने स्पष्ट किया कि संबंधित याचिका को पहले ही वापस लेने के आधार पर खारिज किया जा चुका है, इसलिए अब इस मामले में आगे किसी प्रकार की रोक बनाए रखना उचित नहीं है। इसी आधार पर प्रोजेक्ट पर लगी सील और अन्य प्रशासनिक प्रतिबंधों को हटाने का मार्ग प्रशस्त हो गया है।

इस निर्णय के बाद मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों को भी जल्द हटाए जाने की संभावना है। इससे

### निर्माण कार्य को मिली नई रफ्तार

मन्नत रेजिडेंसी प्रोजेक्ट में रुका हुआ निर्माण कार्य एक बार फिर से शुरू हो सकेगा और परियोजना को नई गति मिलेगी।

लंबे समय से विवादों और कानूनी प्रक्रियाओं में फंसे इस प्रोजेक्ट के निवेशकों और खरीदारों के लिए यह फैसला बड़ी राहत लेकर आया है। निवेशकों ने इसे न्यायिक व्यवस्था पर भरोसे की जीत बताया है। वहीं बिल्डर रितेश अग्रवाल और परियोजना से जुड़े अन्य पक्षों ने भी अदालत के इस निर्णय का स्वागत किया है।

स्थानीय स्तर पर माना जा रहा है कि इस फैसले के बाद रियल एस्टेट गतिविधियों में तेजी आएगी और क्षेत्र के विकास को भी गति मिलेगी। अब सभी की नजर इस बात पर टिकी है कि प्रशासनिक स्तर पर सील हटने की प्रक्रिया कब तक पूरी होती है और निर्माण कार्य कितनी जल्दी दोबारा शुरू होता है।



## दूसरे दिन फरह चौराहे पर पसरा सन्नाटा

# बवाल और पथराव में पकड़े गए तीन नामजद आरोपी


पथराव की घटना के दूसरे दिन सोमवार को अंडरपास के नीचे मौजूद पुलिसकर्मी।

### काले समेत आठ नामजद एक दर्जन अज्ञात पर मुकदमा दर्ज

**यूनिक समय, फरह।** रविवार शाम उधारी के पांच हजार रुपये को लेकर हुई कहासुनी, गाली–गलौज के बाद मुस्लिम पक्ष की ओर से किए गए पथराव और चाकूबाजी में पीड़ित पीतम की ओर से काले कबाड़ी समेत सात अन्य नामजदों और एक दर्जन अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। पीतम का आरोप है कि आरोपियों ने उसे जान से मारने को चाकू से हमला किया, लेकिन चाकू अनमोल के जा लगा। पुलिस के सामने भी आरोपी आधे घंटे तक पथराव करते रहे। ईंट–पत्थर और कांच की बोतल फेंकी गई। जान से मारने की धमकी दी गई। आरोपियों पर पूर्व में चोरी के वाहन काटने और हॉडा एजेंसी पर पथराव करने, चेकिंग के दौरान बिजली कर्मचारियों से मारपीट का भी आरोप है। पीतम की ओर से दर्ज कराए गए मुकदमे में काले, फारुख, साहिल, फुरकान, अनवर, इंदू, अरमान और फैजान को नामजद किया गया है, जबकि एक दर्जन अज्ञात लोग मारपीट में शामिल दर्शाए गए हैं। पुलिस ने बवाल और पथराव से जुड़े इस मामले में जानलेवा हमले के अलावा कई संगीन धाराएं भी आरोपियों पर लगाई हैं।

### गो रक्षकों का हंगामा, पुलिस ने हटाए

**यूनिक समय, फरह (मथुरा)।** लेनदेन को लेकर हुए बवाल के बाद दूसरे दिन सोमवार को गो रक्षकों ने हंगामा काटा, मुस्लिम पक्ष के दुकानदारों को मीट की दुकानों को बंद करने को धमकाया। जानकारी के बाद पहुंची पुलिस ने गो रक्षकों को भगा दिया। थाने पहुंचकर गोरक्षकों ने मीट की अवैध दुकानों को बंद कराने के लिए पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया। इसके बाद प्रभारी निरीक्षक छोटे लाल यादव ने पुलिस फोर्स के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग के सर्विस लेन और मुस्लिम बस्ती में मार्च किया।

### आओ काफिरों आओ

**यूनिक समय, फरह।** रविवार को राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित सर्विस रोड पर हुए पथराव के बाद घटना से जुड़े कई वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो रहे हैं। एक वीडियो में पथराव कर रहे मुस्लिम पक्ष के युवक दूसरे पक्ष पर ईंट–पत्थर फेंकते हुए काफिर कह रहे हैं। कुछ युवक आओ काफिरों आओ की आवाज लगा रहे हैं।


बवाल और पथराव के दूसरे दिन सोमवार को बंद पड़ी मुस्लिम समाज की दुकान।

### पुलिस ने किया फ्लैग मार्च, आरोपियों की तलाश में जुटी

#### अज्ञातों की कराई जा रही शिनाख्त

संवाददाता

**यूनिक समय, फरह (मथुरा)।** रविवार को हुई मारपीट और पथराव की घटना के बाद पुलिस ने नामजद तीन आरोपियों को जेल भेजा है। शांति व्यवस्था के लिए पुलिस ने फ्लैग मार्च भी किया, जबकि अंडरपास के नीचे पुलिस तैनात रही। गांव फतिहा निवासी पीतम से रविवार की शाम काले कबाड़ी और उसके साथियों ने मारपीट की थी। उधारी की रकम को लेकर हुए विवाद के दौरान काले पक्ष ने जमकर पथराव भी किया, जिससे चौराहे पर भगदड़ मच गई। सोमवार को पुलिस ने मारपीट, पथराव और चाकू मारने से जुड़ी वारदात में शामिल ईदू, अरमान और फैजान को पकड़ कर जेल भेजा है। बवाल के दूसरे दिन कस्बा में पूरी तरह से शांति बनी रही, पुलिस संवेदनशील क्षेत्रों में गश्त करती रही। राष्ट्रीय राजमार्ग के अंडरपास के नीचे पुलिस टीम तैनात रही।

प्रभारी निरीक्षक छोटेलाल ने बताया कि प्रकरण में पीड़ित की ओर से मुकदमा दर्ज कराया गया है। आठ आरोपियों में से तीन को जेल भेजा है। कस्बा में शांति बनी हुई है, अन्य आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

### मुस्लिमों ने बंद रखी दुकान

**फरह (मथुरा)।** बवाल के दूसरे दिन सुबह से ही मुस्लिम पक्ष ने अपनी दुकान बंद रखी। राष्ट्रीय राजमार्ग के सर्विस रोड पर कुछ लोगों ने दुकान खोली, लेकिन काफी संख्या में एकत्रित गो रक्षकों ने उनको धमका कर बंद कर दिया। चौराहे पर सब्जी, फल और खान–पान की दुकानें बंद रहीं, इससे फरह चौराहे पर सन्नाटा पसरा रहा, जबकि बाजार में सब्जी–फल की दुकान और खुली रही।

## गांव कामर में आईटीआई कॉलेज चौकीदार पर जानलेवा हमला

**यूनिक समय, कोसीकलां।** थाना क्षेत्र के ग्राम कामर क्षेत्र में आईटीआई में कार्यरत चौकीदार बहादुर सिंह पुत्र तुलाराम पर देर रात अज्ञात असामाजिक तत्वों ने जानलेवा हमला किया। उनके हाथ–पैर गंभीर रूप से घायल (टूट) हो गए। यह घटना अत्यंत चिंताजनक है विशेषकर इसलिए कि घटनास्थल के निकट ही पुलिस चौकी स्थित है। इसके बावजूद इस प्रकार की वारदात होना स्थानीय सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, गांव कामर में स्थित एक परचून की दुकान पर एक व्यक्ति द्वारा लोगों को इकट्ठा कर शराब पिलाई जाती है, जिससे क्षेत्र में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा बढ़ रहा है और कानून–व्यवस्था प्रभावित हो रही है। इस घटनाक्रम के बाद क्षेत्र में भय और आक्रोश का माहौल व्याप्त है।

## महिलाओं को उत्कृष्ट योगदान के लिए किया सम्मानित


ब्रज कला केंद्र में आयोजित मेला में मुख्य अतिथि यूपी महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबिता सिंह समेत अन्य विशिष्टजन।

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** खजानी वेलफेयर सोसाइटी के बैनर तले आयोजित शक्ति एक आधार कार्यक्रम ब्रज कला केंद्र पर हुआ। यह कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण, कौशल विकास एवं रोजगार सृजन को समर्पित रहा। मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चौहान, विशिष्ट अतिथि कांता गजरानी, मुदिता शर्मा, रेखा माहेश्वरी एवं नीलम गोयल थी। अध्यक्षता लता गोयल ने की। कार्यक्रम में एडवोकेट चीनू जैन, प्रतिभा शर्मा, रचना बैजल एवं शालिनी अग्रवाल, डॉ. झूमि कुलश्रेष्ठ, जिला विकास अधिकारी श्रीमती गरिमा खरे, विकास राठी, विनोद कुमार राठी, शकुन्तला राठी एवं श्रीमती दीपा राठी आदि ने भाग लिया। पिंक जॉब फेयर का उद्घाटन सांसद प्रतिनिधि जनार्दन शर्मा एवं क्षेत्रीय पार्षद नीलम गोयल ने किया। यह रोजगार मेला एम्प्लॉयमेंट ऑफिस एवं जिला योजना विभाग के सहयोग से, जिला योजना अधिकारी श्रीमती सुगंधा जैन के मार्गदर्शन में लगाया। मेला में निधि शर्मा एवं ममता भारद्वाज का सहयोग रहा। कार्यक्रम में गरिमा खरे, रेनू पाठक, रेनू, ममता भारद्वाज तथा नम्रता सिंह सहित अन्य प्रेरणादायक महिलाओं को उनके उत्कृष्ट योगदान हेतु सम्मानित किया। इसके साथ ही माहेश्वरी महिला मंडल, सीएफजी क्लब, जेसीआई पंखुड़ी एवं इनर व्हील सहित विभिन्न संस्थानों को भी उनके सामाजिक सहयोग के लिए सम्मानित किया गया। खजानी वेलफेयर सोसाइटी की टीम के डॉ. एच. एम. माहेश्वरी, आभा माहेश्वरी, श्वेता राठी, विकास राठी, श्रीमती शिप्रा राठी (रोजगार दीदी), शोभित माहेश्वरी, निपुण माहेश्वरी एवं दक्ष माहेश्वरी ने इस आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।




## गांव आन्यौर में सार्वजनिक चौपाल का लोकार्पण


गांव आन्यौर में सार्वजनिक चौपाल का लोकार्पण करते विधायक ठा. मेघश्याम सिंह एवं नगर पंचायत अध्यक्ष प्रभा देवी आदि।

**यूनिक समय, गोवर्धन।** नगर पंचायत क्षेत्र के गांव आन्यौर में सार्वजनिक चौपाल का लोकार्पण विधायक ठाकुर मेघश्याम सिंह एवं चेयरमैन प्रभा देवी शर्मा ने किया। करीब 16 लाख 50 हजार रुपये की लागत से तैयार की गई इस चौपाल को आधुनिक स्वरूप दिया गया है। ग्रामीणों ने दोनों जनप्रतिनिधियों का फेंटा बांधकर स्वागत किया। इस अवसर पर चेयरमैन प्रतिनिधि मनीष लंबरदार, सभासद धर्मेंद्र सिंह, राकेश सिंघानिया, सुरेंद्र गुप्ता (बिरजो), महेश ठाकुर, मुकेश ठाकुर, लक्ष्मण सिंह, नंदकिशोर ठाकुर तथा भूरा पहलवान आदि उपस्थित थे।

## रास्ते में भर रहे गंदे पानी की निकासी कराई जाए


डीएम को ज्ञापन देने आए धीमरी जाटव बस्ती के ग्रामीण।

### धीमरी जाटव बस्ती के लोग डीएम कार्यालय पहुंचे

कार्यालय संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना शेरगढ़ अंतर्गत गांव धीमरी जाटव बस्ती में रास्ते में गंदा पानी भरने से परेशान लोगों ने आज जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर रास्ते में भरे गंदे पानी की निकासी की मांग की है। जिलाधिकारी कार्यालय पर आए ग्रामीणों का कहना था कि धीमरी जाटव बस्ती को जाने वाले रास्ते में भारी मात्रा में गंदा पानी भरा हुआ है। गंदा पानी के भरने के कारण लोगों का रास्ते से गुजरना मुश्किल हो रहा है। इसके साथ ही रास्ते में भरने वाला गंदा पानी अब लोगों के घरों में भी प्रवेश कर रहा है। इसके चलते लोगों को भारी दिक्कत हो रही है। रास्ते में पानी भरने के कारण बच्चे भी स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम प्रधान ने पानी को जाने वाले चक रोड के रास्ते को अपने चक में मिला लिया है। इसकी वजह से रास्ते में गंदा पानी भरने की समस्या उत्पन्न हो रही है। रास्ते में भरने वाले गंदे पानी के चलते गांव में बीमारी फैलने की प्रबल संभावना है। ज्ञापन देने वालों में मोहन सिंह, मूलचंद, पाली, कलुआ, राजेश कुमार, सूरजो, बंशीलाल, कारो आदि शामिल थे।

### सेवानिवृत्त शिक्षिका ओमवती को विदाई दी

**यूनिक समय, छाता (मथुरा)।** ग्राम अलवाई स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में वरिष्ठ अध्यापिका श्रीमती ओमवती के सेवानिवृत्त होने पर विदाई दी गई। विद्यार्थियों ने शिक्षिका के साथ बिताए पलों को याद किया और उनके द्वारा दी गई सीख के लिए आभार व्यक्त किया। प्रधानाचार्य वीरेंद्र सिंह ने अध्यापिका के योगदान की सराहना की। शिक्षक शिक्षिकाओं ने राधा कृष्ण की तस्वीर भेंट की। इस मौके पर प्रधान बृज गोपाल, पूरन सिंह, डॉ मोती, अनु, हेमंत, माया, प्रसून, मनीषा एवं राजकुमारी आदि उपस्थित थे।

## मथुरा में 88 केंद्रों पर गेहूं खरीद शुरू

# पहले दिन 6157 किसानों ने कराया पंजीकरण

सिटी रिपोर्टर

**यूनिक समय, मथुरा।** जनपद में रबी विपणन वर्ष 2026-27 के तहत सरकारी गेहूं खरीद प्रक्रिया सोमवार से शुरू हो गई है। जिले में कुल 88 राजकीय क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं, जहां किसानों से 2,585 प्रति क्विंटल की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) दर पर गेहूं खरीदा जा रहा है। खबर लिखे जाने तक 6157 किसानों ने पंजीकरण करवा लिया है, जो शुरुआती चरण में ही किसानों की सक्रिय भागीदारी को दर्शाता है। जानकारी के अनुसार, गेहूं खरीद अवधि 30 मार्च से 15 जून 2026 तक निर्धारित की गई है। सभी केंद्रों पर खरीद का समय सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक रखा गया है। खरीद व्यवस्था खाद्य विभाग द्वारा संचालित की जा रही है, जिसमें पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के लिए डिजिटल प्रक्रिया अपनाई गई है। किसानों के लिए ऑनलाइन पंजीकरण अनिवार्य किया गया है। किसान खाद्य एवं रसद विभाग की वेबसाइट, 'यूपी किसान मित्र' एप या नजदीकी जन सेवा केंद्र के माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं। पंजीकरण के बाद 24 से 48 घंटे के भीतर लेखपाल एवं तहसील स्तर से सत्यापन किया जाता है। इसके बाद किसान अपने नजदीकी क्रय केंद्र पर गेहूं की बिक्री कर सकते है। इस वर्ष खरीद प्रक्रिया में गेहूं की गुणवत्ता को लेकर स्पष्ट मानक तय किए गए हैं, जिनका पालन अनिवार्य होगा। इन मानकों का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सरकारी भंडारण में केवल गुणवत्तापूर्ण अनाज ही पहुंचे और किसानों को भी उचित मूल्य मिले। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित से अधिक खराब गुणवत्ता का गेहूं केंद्रों पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। जनपद में गेहूं की औसत उत्पादकता लगभग 44.68 क्विंटल प्रति हेक्टेयर दर्ज की गई है, जो क्षेत्र की कृषि क्षमता को दर्शाती है। ऐसे में गुणवत्ता मानकों का पालन किसानों के लिए चुनौती भी है और अवसर भी। यदि किसान कटाई, मड़ाई और भंडारण में सावधानी बरतते हैं, तो वे आसानी से निर्धारित मानकों को पूरा कर बेहतर मूल्य प्राप्त कर सकते हैं। नमी की 12% सीमा सबसे महत्वपूर्ण है, क्योंकि अधिक नमी वाला गेहूं जल्दी खराब होता है। इसी तरह घुन लगे और क्षतिग्रस्त दानों की सीमा भी भंडारण गुणवत्ता से सीधे जुड़ी हुई है। इसलिए किसानों को सलाह दी गई है कि वे गेहूं को पूरी तरह सुखाकर ही केंद्रों पर लाएं।



जिला खाद्य विपणन अधिकारी संतोष कुमार द्विवेदी ने बताया कि गेहूं खरीद की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। किसान निर्धारित प्रक्रिया पूरी कर अपने नजदीकी क्रय केंद्र पर एमएसपी दर पर गेहूं बेच सकते हैं। प्रशासन ने

### 30 मार्च से 15 जून तक सख्त गुणवत्ता मानकों के साथ एमएसपी 2,585 पर होगी खरीद

केंद्र प्रभारियों को किसानों के साथ पारदर्शी व्यवहार और त्वरित खरीद सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। भुगतान सीधे किसानों के बैंक खातों में किया जाएगा। किसी भी समस्या या शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर 1800-180-0150 जारी किया गया है। इसके अलावा संबंधित अधिकारियों के संपर्क नंबर भी सार्वजनिक किए गए हैं, जिससे किसान सीधे संपर्क कर सकें। मथुरा में गेहूं खरीद की शुरुआत सुव्यवस्थित तरीके से हुई है। डिजिटल पंजीकरण, सख्त गुणवत्ता मानक और निगरानी तंत्र के चलते इस बार खरीद प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और प्रभावी होने की उम्मीद है। आने वाले दिनों में जैसे-जैसे पंजीकरण संख्या बढ़ेगी, खरीद केंद्रों पर गतिविधियां और तेज होने की संभावना है।

# गो के सम्मान में 27 अप्रैल को तहसीलों पर होगा कीर्तन



गौ सेवा सम्मान अभियान के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में शामिल कथा वाचक पूनम किशोरी को सम्मानित करते तहसील प्रभारी लखन ठाकुर।

संवाददाता

### 5000 तहसीलों में एकत्रित होंगे गो सेवक

### राष्ट्रपति-पीएम और सीएम के नाम दिए जाएंगे ज्ञापन

**यूनिक समय, फरह (मथुरा)।** गो माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने के लिए 27 अप्रैल को गो सेवक तहसीलों पर एकत्र होंगे। राष्ट्रपति, पीएम और सीएम के नाम ज्ञापन दिए जाएंगे। कीर्तन करके गो सेवक इस मांग को पूरा करने की हुंकार भरेंगे। यह बात गो सेवा सम्मान अभियान के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में आए संघ से जुड़े कथा प्रमुख गर्गाचार्य ने कहा कि गो राष्ट्र माता घोषित करने के लिए अब निर्णायक लड़ाई लड़ी जाएगी। उन्होंने गो सेवकों से कहा कि गो माता पर कोई जुल्म नहीं करे, ऐसे काम के लिए सभी को जुड़ना होगा।

कथावाचक पूनम किशोरी ने कहा कि 27 अप्रैल को देश की 5000 तहसीलों में गो सेवक एकत्रित होंगे, कीर्तन करते हुए गो सेवक अपनी तहसीलों में पहुंचेंगे, जहां गो माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने की मांग करते हुए संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन सौंपे जाएंगे। गो सेवा सम्मान अभियान के तहसील प्रभारी लखन ठाकुर ने गौ सेवकों से कहा कि पूरे भारत में इस समय गो माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने के लिए हस्ताक्षर अभियान चल रहा है, सभी साथी इस अभियान में तन- मन से सहभागिता निभाएं। उन्होंने बताया कि अभियान से जुड़ने के लिए नागरिक गो सेवा सम्मान अभियान के अंतर्गत जारी मोबाइल नंबर 9067777323 पर मिस कॉल करके जुड़ सकते हैं। संचालन सौरभ गौड़ ने किया। कार्यक्रम में सुखराम कमल, संजय तरकर, विष्णु, सत्य प्रकाश, कुलदीप, मनीष, संजय, छोटू, शंभु, गंगु, दिनेश, मोहन आदि मौजूद थे।

# नारायणी सेना बनी मास्टर्स कप चैंपियन

### समीर खान की गेंदबाजी से शानदार जीत

### अपूर्व और जगदीश की दमदार पारियां

### सुपरकिंग्स की टीम 152 रन पर सिमटी



विजेता नारायणी सेना के टीम के सदस्य ट्रॉफी के साथ।

**यूनिक समय, वृंदावन।** वृंदावन क्रिकेट अकेडमी द्वारा आयोजित मास्टर्स कप का फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक रहा, जिसमें नारायणी सेना ने वृंदावन सुपरकिंग्स को 44 रनों से हराकर खिताब अपने नाम किया। नारायणी सेना के कप्तान संदीप चौधरी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। टीम ने 25 ओवर में 8 विकेट पर 196 रन बनाए। इसमें अपूर्व तोमर (55 रन) और जगदीश अग्रवाल (47 रन) ने अहम योगदान दिया। वृंदावन सुपरकिंग्स की ओर से लोकेश तोमर ने 3 विकेट और मनीष ने 2 विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करते हुए वृंदावन सुपरकिंग्स की टीम 19.1 ओवर में 152 रन पर सिमट गई। रहीस फकरू ने 50 रन और लोकेश तोमर ने 28 रन बनाए, लेकिन टीम जीत हासिल नहीं कर सकी। नारायणी सेना की गेंदबाजी में समीर खान और अंकित चौधरी ने 3-3 विकेट लिए, जबकि कप्तान संदीप चौधरी ने 2 विकेट हासिल किए। पुरस्कार वितरण में समीर खान को प्लेयर ऑफ द मैच, विनीत चौधरी को बेस्ट बैटर और अंकित चौधरी को बेस्ट बॉलर का सम्मान दिया गया। पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन के लिए जगदीश अग्रवाल को मैन ऑफ द सीरीज चुना गया। मैच के दौरान कमेंट्री प्रेम ने की और स्कोरिंग सूरज चौधरी ने संभाली। इस अवसर पर विजय चौहान, राजकुमार शर्मा, योगी चौधरी, गिरधारी लाल, जितेंद्र, रवीन्द्र यादव, रोहित चौधरी, कैलाश सोलंकी, नीरज कुमार, डॉ. अमित, जेपी, निक्की और शरीफ सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# प्राथमिक विद्यालय में प्रवेश उत्सव, फेयरवेल व वार्षिकोत्सव

**यूनिक समय, चौमुहां।** बेसिक शिक्षा विभाग के प्राथमिक विद्यालय औधूता में प्रवेश उत्सव, फेयरवेल व विद्यालय वार्षिकोत्सव किया गया। शुभारंभ समाजसेवी मिहीलाल, भारत स्काउट और गाइड के जिला प्रशिक्षण कमिश्नर स्काउट व राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के ब्लॉक अध्यक्ष अशोक कुमार सोलंकी ने किया। सोलंकी ने कहा कि बच्चे हमारे राष्ट्र की अमूल्य धरोहर हैं।

इन्हें बेहतर शिक्षा देने का कार्य विद्यालय के शिक्षकों द्वारा किया जाता है। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कक्षा 5 के बच्चों का विदाई दी। बच्चों को पुरस्कार वितरित किए। अध्यक्षता शिव सिंह ने की। संचालन देवेन्द्र सिंह बघेल ने किया।

# गैंगस्टर एक्ट में वांटेड गिरफ्तार

**यूनिक समय, मथुरा।** फरह पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। फरह पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहे गैंगस्टर केंद्रपाल उर्फ केपी निवासी गांव हसेला थाना अछनेरा को दबिश देकर उसके घर से गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ जनता में भय व आतंक पैदा कर अपराधिक कृत्य करने आदि की शिकायते हैं।

# दहेज हत्या में वांछित महिला सहित तीन गिरफ्तार

**यूनिक समय, मथुरा।** कोतवाली पुलिस ने दहेज हत्या के मामले में वांछित चल रहे तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दहेज हत्या के मामले में नामजद अभियुक्त सुरेश, राहुल, महिला अभियुक्त निवासी झींगुरपुरा बागबादुर कोतवाली को गिरफ्तार किया है। सभी अभियुक्त मूल रूप से गांव हथौड़ा थाना कासगंज जिला फर्रूखाबाद के हैं।

# अधिवक्ता कल्याण एसोसिएशन छाता का वार्षिक चुनाव दस अप्रैल को

**यूनिक समय, छाता (मथुरा)।** अधिवक्ता कल्याण एसोसिएशन की वार्षिक चुनाव प्रक्रिया शुरू हो गई है। चुनाव के लिए पर्चा भरने का काम आज से शुरू हो गया और कल तक चलेगा। एक अप्रैल को जांच की जाएगी। एसोसिएशन के 113 सदस्य हैं। सभी सदस्य अपने मताधिकार का प्रयोग 10 अप्रैल को सुबह 10:00 बजे से लेकर शाम 5:00 बजे तक करेंगे।

उसी दिन चुनाव परिणाम घोषित कर दिया जाएगा। अधिवक्ता कल्याण एसोसिएशन के अध्यक्ष पूरन सिंह एडवोकेट ने बताया कि नामित कमेटी के सदस्य चुनाव अधिकारी वार्षिक चुनाव संपन्न कराएंगे। कहा कि एक अप्रैल को जांच होगी। दो अप्रैल को वापसी होनी है। उसके बाद चुनाव कराया जाए। आज अध्यक्ष पद के लिए देशराज सिंह एडवोकेट, सुशील भारद्वाज अर्जुन सिंह, सचिव एवं कोषाध्यक्ष हेतु शशि वाला समेत चार पर्चा खरीदे गए पर्चा जमा हुए हैं। इस मौके पर सचिव बच्चू सिंह, किशन सिंह, संग्राम सिंह, सुशील भारद्वाज, जगदीश गर्ग, प्रहलाद सिंह, वींरेंद्र सिंह, धर्मवीर रावत, यशपाल सिंह, अर्जुन सिंह, शशि बाला, प्रीति, मुरलीधर, राजवीर सिंह तथा संजू शर्मा आदि मौजूद थे।



नामांकन जमा करते अधिवक्ता।

# राजीव एकेडमी के दो एमबीए छात्रों का आकर्षक पैकेज पर चयन




टेकमुटेन्ट सॉफ्टवेयर सोल्यूशन एलएलपी में चयनित राजीव एकेडमी के छात्र।

### टेकमुटेन्ट सॉफ्टवेयर सोल्यूशन एलएलपी में मिला सुनहरा अवसर

**यूनिक समय, मथुरा।** राजीव एकेडमी फॉर टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट के एमबीए छात्रों ने प्लेसमेंट के क्षेत्र में एक और उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। हाल ही में आयोजित ऑनलाइन चयन प्रक्रिया में संस्थान के दो विद्यार्थियों का प्रतिष्ठित कंपनी टेकमुटेन्ट सॉफ्टवेयर सोल्यूशन एलएलपी में चयन हुआ है। इस उपलब्धि से संस्थान में हर्ष और गर्व का वातावरण है। चयन प्रक्रिया के दौरान विद्यार्थियों की प्रबंधन क्षमता, संचार कौशल, विश्लेषणात्मक सोच और समस्या समाधान क्षमता का मूल्यांकन किया गया। इसमें ऑनलाइन टेस्ट, समूह चर्चा और व्यक्तिगत साक्षात्कार जैसे विभिन्न चरण शामिल रहे। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट प्रमुख डॉ. विकास जैन ने बताया कि चयनित छात्रों में एमबीए के शिवशंकर यादव और शिवांग वर्मा शामिल हैं। दोनों विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली परिचय दिया।

संस्थान के चेयरमैन डॉ. रामकिशोर अग्रवाल, उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल, प्रबंध निदेशक मनोज अग्रवाल और निदेशक डॉ. अमर कुमार सक्सेना ने चयनित छात्रों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। निदेशक डॉ. सक्सेना ने कहा कि संस्थान गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण पर विशेष ध्यान देता है, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर अवसर मिलते हैं। यह सफलता अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणादायक है।

### वृंदावन में यमुना निखार की बड़ी पहल

# केसी घाट से देवरहा बाबा घाट तक शुरू होगा ट्रायल

**यमुना सफाई और जलमार्ग विकास की तैयारी**

**जियोलॉजिकल मैपिंग से तय होगी रणनीति**

**राल गोशाला में बनेगा जैविक मॉडल, किसानों को मिलेगा प्रशिक्षण**

**गोमूत्र–गोबर के वैज्ञानिक उपयोग से बढ़ेगी आय**

**50 किसान जाएंगे अहमदाबाद**



उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद कार्यालय में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते परिषद के उपाध्यक्ष शैलजाकांत मिश्र। डीएम सीपी सिंह एवं उपाध्यक्ष लक्ष्मी एन।

**यूनिक समय, मथुरा।** ब्रज में आस्था की धुरी यमुना को स्वच्छ और सुव्यवस्थित बनाने की दिशा में अब ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। वृंदावन में केसी घाट से देवरहा बाबा घाट तक यमुना के दोनों किनारों पर जियोलॉजिकल मैपिंग कर वैज्ञानिक अध्ययन कराया जाएगा। इस ट्रायल प्रोजेक्ट के आधार पर यमुना के प्रदूषण नियंत्रण, जल प्रवाह सुधार और संभावित जलमार्ग विकास की व्यापक योजना तैयार की जाएगी। सोमवार को उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के सभागार में आयोजित बैठक में इस योजना पर विस्तार से चर्चा की गई। परिषद के उपाध्यक्ष शैलजा कांत मिश्र की अध्यक्षता में हुई बैठक में ग्लोबल विकास ट्रस्ट के संस्थापक मयंक गांधी ने यमुना की वर्तमान स्थिति, सिल्ट जमा होने, जल प्रवाह की स्थिति और प्रदूषण के स्त्रोतों पर वैज्ञानिक अध्ययन का प्रस्ताव रखा। बैठक में निर्णय लिया गया कि पहले चरण में चयनित घाटों के बीच पायलट प्रोजेक्ट के रूप में अध्ययन कराया जाएगा, जिसके बाद विस्तृत कार्ययोजना लागू की जाएगी। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने सिंचाई, जलकल सहित सभी संबंधित विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में मथुरा–वृंदावन विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष लक्ष्मी एन, परिषद के एसीईओ मदन चंद दुबे, पर्यावरण विशेषज्ञ मुकेश शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में गोवंश आधारित जैविक खेती को बढ़ावा देने पर भी सहमति बनी। राल स्थित देवरहा बाबा गोशाला में एक मॉडल तैयार किया जाएगा, जिसमें गोमूत्र और गोबर के वैज्ञानिक उपयोग को बढ़ावा दिया जाएगा। इस मॉडल को आगे चलकर जिले की अन्य गोशालाओं में भी लागू किया जाएगा। साथ ही 50 किसानों को मई माह में अहमदाबाद स्थित ग्लोबल विकास ट्रस्ट के मुख्यालय भेजा जाएगा, जहां उन्हें आधुनिक जैविक खेती की तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। अधिकारियों का मानना है कि यह पहल न केवल पर्यावरण संरक्षण में सहायक होगी, बल्कि किसानों की लागत कम कर उनकी आय बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। यमुना शुद्धिकरण और जैविक खेती को जोड़ते हुए यह पहल ब्रज क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा में एक बड़ा कदम मानी जा रही है।

## ऑरेंज अलर्ट: तेज आंधी, ओलावृष्टि और वज्रपात की चेतावनी

**प्रशासन–किसान अलर्ट मोड पर**

**यूनिक समय, मथुरा।** मथुरा सहित पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मौसम ने अचानक करवट ले ली है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी करते हुए 30 से 31 मार्च तक तेज आंधी, मेघगर्जन, वज्रपात और ओलावृष्टि की संभावना जताई है। विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ और चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं।

मथुरा को उन जिलों में शामिल किया गया है जहां ओलावृष्टि और वज्रपात का खतरा अधिक है। इसके चलते जिला प्रशासन को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं और आपदा प्रबंधन टीमें अलर्ट मोड पर हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष निगरानी की जा रही है तथा किसानों और पशुपालकों को सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी गई है।

तेज हवाओं और ओलावृष्टि से गेहूं, सरसों, चना और सब्जी फसलों को नुकसान की आशंका है। विशेषज्ञों ने किसानों को पकी फसल की जल्द कटाई कर सुरक्षित रखने और जल निकासी की व्यवस्था करने की सलाह दी है। कमजोर मकानों, पेड़ों और बिजली आपूर्ति पर भी असर पड़ सकता है, साथ ही यातायात बाधित होने की संभावना जताई गई है।

मौसम विभाग ने लोगों को अनावश्यक यात्रा से बचने, खुले स्थानों और पेड़ों के नीचे न रुकने तथा बिजली उपकरणों से दूरी बनाए रखने की सलाह दी है। विभाग के अनुसार 1 अप्रैल के बाद मौसम में सुधार होने की संभावना है और आसमान धीरे–धीरे साफ हो जाएगा, लेकिन अगले 24 से 48 घंटे बेहद महत्वपूर्ण और सतर्कता वाले हैं।

## चोरों ने हलवाई की दुकान की छत काटकर की चोरी

**चोर हजारों रुपये का सामान चुरा ले गए**



चोरों द्वारा काटी गई दुकान की छत।

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना मांट और राया थाने के बॉर्डर पर बसे बाडौन गांव में चोरों ने एक हलवाई की दुकान की छत काट कर वहां से रखा सामान और पांच हजार रुपये की नकदी चोरी कर ली। दुकान में हुई चोरी का पता लगने पर दोनों थानों की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का निरीक्षण किया। नीमगांव रोड स्थित मगदा तिराहा बाडौन गांव मांट और थाना राया की सीमा का गांव है। यहां से दोनों थानों की सीमा लगती है। चोरों ने रात के समय जितेंद्र दीक्षित की हलवाई की दुकान की छत काट कर अंदर प्रवेश किया और वहां रखे गैस सिलेंडर, रिफाइंड के टीन, कोल्डड्रिंक, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा सहित खाने–पीने का काफी सामान चोरी कर लिया। चोरों ने दुकान के गल्ले में रखे करीब 5 हजार रुपये की नकद भी चुरा ले गए। दुकानदार जीतेंद्र का कहना है कि चोर दुकान से हजारों रुपये का सामान चोरी कर ले गए। दुकानदार जीतेंद्र दीक्षित का कहना है कि चोरों ने दुकान में दूसरी बार चोरी की वारदात की है। उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं और चोर बेखौफ होकर दुकानों को निशाना बना रहे हैं। दुकानदार और स्थानीय ग्रामीणों ने पुलिस से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने की मांग की है।

**दोनों थानों की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची**

**यूनिक समय, मथुरा।** बाडौन गांव में दुकान में हुई चोरी की वारदात का पता लगने पर दोनों थाना प्रभारियों ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच की। चोरी की सूचना मिलते ही मांट और राया थाना प्रभारी निरीक्षकों ने हलवाई की दुकान में चोरी की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंच कर घटनास्थल का निरीक्षण किया। इसके साथ ही आसपास के लोगों से पूछताछ की। साथ ही पुलिस ने चोरों का पता लगाने के लिए आस–पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली।

## सीएफजी लेडीज क्लब का 'शिव शक्ति' कार्यक्रम रहा आकर्षण का केंद्र



'शिव शक्ति' कार्यक्रम प्रस्तुति देतीं महिलाएं।

**यूनिक समय, मथुरा।** सीएफजी लेडीज क्लब द्वारा स्थानीय होटल में आयोजित 'शिव शक्ति' कार्यक्रम ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत गीत एवं नृत्य से हुई, जिसमें अर्चना, सोनल, पूनम, प्रिया, कनिका, प्रियंका, सोनिया, रीता और रजनी ने देवी स्वरूपों की मनमोहक प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन सोनल और अर्चना ने किया, जबकि आयोजन की जिम्मेदारी रजनी अग्रवाल, सोनल कपूर, दीपा गोला और निमिषा अग्रवाल ने संभाली। निधि और नीना का भी विशेष सहयोग रहा। 'शिव सती अमर गाथा' पर आधारित नृत्य नाटिका ने विशेष सराहना बटोरी। इसमें निमिषा ने सती, सृष्टि ने शिव तांडव और रजनी ने महाकाली के रौद्र रूप में शानदार अभिनय किया। दक्ष की भूमिका अनीता और प्रसूति की भूमिका रुचि ने निभाई। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागी महिलाओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

## प्रधानाचार्या अंजू सूद को सेवानिवृत्ति पर विदाई, सम्मान



हनुमान प्रसाद धानुका सरस्वती बालिका विद्या मंदिर की प्रधानाचार्या अंजू सूद को सेवानिवृत्ति पर सम्मानित करते विश्वनाथ गुप्ता एवं पदमनाभ गोस्वामी।

**यूनिक समय, वृंदावन।** हनुमान प्रसाद धानुका सरस्वती बालिका विद्या मंदिर की प्रधानाचार्या अंजू सूद की सेवानिवृत्ति पर हुए समारोह में विदाई दी गई। छात्राओं और आचार्यावृन्द ने भावपूर्ण गीत प्रस्तुत किया। वरिष्ठ आचार्यों एवं प्रबंध समिति के सदस्यों ने प्रधानाचार्या अंजू सूद के कार्यकाल की सराहना की। छात्राओं ने भी प्रधानाचार्या के प्रति आभार जताया। प्रधानाचार्या को विद्यालय परिवार की ओर से शॉल, स्मृति–चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। विदाई उद्बोधन में उन्होंने विद्यालय परिवार के प्रति आभार जताया। कहा कि यह संस्था उनके जीवन का अभिन्न अंग रही है और यहाँ बिताए गए क्षण सदैव उनकी स्मृतियों में अंकित रहेंगे। कार्यक्रम में प्रबंध समिति से राजकुमारी धानुका, श्री पदम नाभ गोस्वामी, रेखा माहेश्वरी, कमल खंडेलवाल, विश्वनाथ गुप्ता, अशोक अग्रवाल, अमित शर्मा तथा विजयलक्ष्मी आदि उपस्थित थे।

## वृन्दावन में 12 व 13 मई को होगा भारतीय उद्योग व्यापार मंडल का राष्ट्रीय अधिवेशन

**यूनिक समय, वृंदावन।** 12 व 13 मई को वृन्दावन में भारतीय उद्योग व्यापार मंडल का राष्ट्रीय अधिवेशन होगा। इसमें 22 राज्यों के पाँच सौ से अधिक प्रतिनिधि भागेदारी करेंगे। सोमवार को जिले भर से आये उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों को सम्बोधित करते हुए भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय मंत्री व उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा ने कहा कि संगठन की मजबूती के ही चलते सरकार ने खाद्य सुरक्षा विभाग के लाइसेंस के लिए नियम बेहद सरल कर दिए हैं। अब कोई भी संबंधित व्यापारी मात्र 100 रुपये में 15 वर्ष के लिए लाइसेंस ले सकता है। उन्होंने कहा कि संगठन ने सरकार से मांग की है कि मंडी विभाग को खत्म कर दिया जाए और व्यापारी कल्याण कोष की स्थापना की जाए, उन्होंने राजकुमार अग्रवाल को भारतीय उद्योग व्यापार मंडल का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाये जाने की घोषणा भी की। श्री मिश्रा ने कहा कि 12 व 13 मई को वृन्दावन के श्री कृष्ण आश्रम में भारतीय उद्योग व्यापार मंडल का राष्ट्रीय अधिवेशन होगा, जिसमें 22 प्रांतो के 500 से अधिक प्रतिनिधि भाग लेंगे, अधिवेशन में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा के साथ कुछ महत्वपूर्ण निर्णय भी लिए जाने की संभावना है, उन्होंने कहा कि इस दौरान प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक भी होगी। बैठक में व्यापारी कल्याण बोर्ड के सदस्य संजय पाण्डेय, नंद किशोर गुसाईं, राजकुमार अग्रवाल, रामकिशन अग्रवाल, जिलाध्यक्ष मुकेश वार्ष्णेय, प्रयाग नारायण चतुर्वेदी, सुनील पहलवान, आलोक अग्रवाल, जगदीश लाला, गणेश पहलवान, मनीष चतुर्वेदी तथा विनोद अग्रवाल आदि मौजूद थे।

### उपभोक्ता अधिकार संगठन के अध्यक्ष ने एआरओ से शिकायत की

## उपभोक्ताओं के साथ गैस एजेंसी पर धोखाधड़ी का लगाया आरोप

**मामले में कार्रवाई न होने पर कोर्ट में जाने की दी चेतावनी**

**यूनिक समय, मथुरा।** उपभोक्ता अधिकार संगठन के जिला अध्यक्ष ने सौंख नगर पंचायत (गोवर्धन) में गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी और सार्वजनिक सुरक्षा से जुड़े मामले की शिकायत एआरओ से करते हुए इस मामले में तीन दिन के अंदर कार्रवाई करने की मांग की है। कार्रवाई न होने पर न्यायालय में जाने की चेतावनी दी है। उपभोक्ता अधिकार संगठन के जिला अध्यक्ष प्रेम नारायण शर्मा ने शिकायती पत्र में कहा है कि सौंख नगर पंचायत क्षेत्र में इंडेन गैस के वितरण में चल रहे लूट और धोखाधड़ी के मामले में उपभोक्ताओं के विवरण और साक्ष्यों के साथ जिला पूर्ति अधिकारी को पत्र लिख कर कार्रवाई की मांग की है। जिला अध्यक्ष का कहना है कि क्षेत्र में गैस सिलेंडर असुरक्षित तरीके से निजी वाहनों में भरकर अवैध रूप से ऊंचे दामों में बिक्री किए जा रहे हैं। इसके वीडियो रिकार्डिंग हैं। इसके सात उपभोक्ताओं के साथ इनवाइस फ्रॉड किया जा रहा है। उपभोक्ता पुष्पा देवी पत्नी किशन सिंह को उज्जवल योजना में मिले सिलेंडर की बुकिंग 17 मार्च को हुई रिकॉर्ड में सिलेंडर को 20 मार्च में डिलीवर दिखा दिया गया। शिकायत करने पर उपभोक्ता को 28 मार्च को सिलेंडर दिया गया। इस तरह के कई अन्य मामले भी हैं। इसके साथ ही उपभोक्ताओं को बिना तोले सिलेंडर दिए जाने की भी शिकायत हैं। उपभोक्ताओं की इन सभी शिकायतों के वीडियो साक्ष्य और उपभोक्ता दस्तावेज क्षेत्रीय आपूर्ति अधिकारी फूल सिंह को डिजिटल माध्यम से उनके मोबइल फोन पर दिए गए हैं। इसके बाद भी उन्होंने गैस एजेंसी के खिलाफ कार्रवाई नहीं की है। संगठन उपभोक्ताओं के न्याय हित के लिए सक्षम न्यायालय में रिट याचिका दाखिल करेगा।

## सुविचार

समय सबसे बड़ा शिक्षक है, बस धैर्य रखें।

## कल का पंचांग

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| तिथि | त्रयोदशी | 07:09-06:56 तक | पक्ष | शुक्ल पक्ष |
| नक्षत्र | पूर्व फाल्गुनी | 2:47- 03:20 तक | माह | चैत्र |
| सूर्योदय | | 6:24 AM | चन्द्रोदय | 05:16 PM |
| सूर्यास्त | | 6:38 PM | चंद्रास्त | 05:39 AM |
| सूर्य राशि | | मीन राशि | चंद्र | कन्या राशि |
| शुभ मुहूर्त | | 12:12PM -12:59 PM | ब्रहम् मुहूर्त | 05:01-06:05 |
| त्योहार/व्रत | | | विक्रम संवत् | 2083 |
| राहुकाल | | 03:34 PM:05:06 PM | वार | मंगलवार |

## ब्रज के मंदिरों के दर्शन





ब्रज की सभी कथा और श्री राधा कृष्ण की सभी लीलाओं के दर्शन यूनिक समय चैनल के माध्यम से करें।

Youtube Channel : https://youtube.com/uniquesamay

### अंक ज्योतिष बदल सकता है व्यापार की दिशा

# अंक '8888' उपाय से लौटेगी दुकान में ग्राहकों की भीड़?



**यूनिक समय, मथुरा।** दुकान में ग्राहकों की घटती संख्या आज कई व्यापारियों के लिए चिंता का विषय बनी हुई है। रोजाना दुकान खुलती है, मेहनत भी पहले जैसी ही होती है, लेकिन भीड़ धीरे–धीरे कम होती नजर आती है। ऐसे में अब एक दिलचस्प उपाय '8888' फिर चर्चा में आ गया है, जिसे कई व्यापारी चुपचाप अपनाते दिखाई दे रहे हैं।

ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार अंक केवल गणना का माध्यम नहीं, बल्कि ऊर्जा का प्रतीक भी माने जाते हैं। खासकर '8' अंक को स्थिरता, निरंतरता और धन से जोड़कर देखा जाता है। जब इस अंक को चार बार यानी '8888' लिखा जाता है, तो माना जाता है कि यह सकारात्मक ऊर्जा को और मजबूत करता है। यही वजह है कि कुछ व्यापारी इसे अपनी दुकान में अपनाकर ग्राहकों की संख्या बढ़ने की उम्मीद कर रहे हैं। इस उपाय को करने का तरीका भी काफी सरल बताया जा रहा है। बुधवार या शनिवार की सुबह दुकान खोलने से पहले, नीली पेन से दुकान के अंदर किसी छिपी जगह–जैसे काउंटर के नीचे या कैश बॉक्स के पास–छोटे अक्षरों में '8888' लिखा जाता है। इसके साथ ही मन में सकारात्मक भावना रखने की सलाह दी जाती है कि व्यापार में वृद्धि हो रही है और ग्राहक बढ़ रहे हैं। हालांकि, विशेषज्ञों का मानना है कि किसी भी उपाय को सफलता की गारंटी नहीं माना जा सकता। व्यापार में असली फर्क दुकानदार के व्यवहार, ईमानदारी और ग्राहक सेवा से पड़ता है। यदि ग्राहक को सम्मान और अच्छा अनुभव मिलता है, तो वह खुद ही बार–बार लौटकर आता है। दुकान का माहौल भी ग्राहकों को आकर्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। साफ–सफाई, व्यवस्थित सामान और सहज वातावरण ग्राहक को अंदर आने और ठहरने के लिए प्रेरित करता है। इसके अलावा कई व्यापारी दुकान खोलते समय दीपक जलाने जैसी परंपराओं को भी अपनाते हैं, जो मानसिक रूप से सकारात्मकता बढ़ाने में मदद करती हैं।

विशेषज्ञ यह भी बताते हैं कि घबराहट में किसी भी उपाय को अपनाने के बजाय धैर्य रखना जरूरी है। बाजार की स्थिति, प्रतिस्पर्धा और ग्राहकों की पसंद में बदलाव जैसे कई कारक व्यापार को प्रभावित करते हैं। ऐसे में केवल टोटकों पर निर्भर रहना सही नहीं है। कुल मिलाकर, '8888' उपाय भले ही चर्चा में हो, लेकिन व्यापार में सफलता का असली मंत्र मेहनत, सकारात्मक सोच और बेहतर ग्राहक अनुभव ही है। छोटे–छोटे बदलाव और सही दृष्टिकोण ही दुकान में फिर से रौनक लौटा सकते हैं।

MANNAT GROUP
Building Your Vision, Creating Reality

## मंदिर खुलने व बंद होने का समय

- श्रीबांके बिहारीजी मंदिर में सुबह 8 .00 से दोपहर 01 .30 बजे तक और शाम 4 .00 से रात 9 .00 बजे तक।
- श्रीकृष्ण जन्मभूमि में श्री गर्भगृह के दर्शन सुबह 6 .30 बजे से रात 9 बजे तक।
- श्रीकृष्ण जन्मभूमि के भागवत भवन व अन्य मंदिर में सुबह 6 .30 बजे से दोपहर 12 बजे तक और शाम 4 बजे से रात 9 बजे तक।
- द्वारकाधीश मंदिर में सुबह 6 .30 बजे से 11 बजे तक और शाम 4 बजे से 7 .30 बजे तक।

## व्रत–त्योहार का कैलेंडर 2026

- 1 अप्रैल, दिन बुधवार: चैत्र पूर्णिमा
- 5 अप्रैल, दिन रविवार: विकट संकष्टी
- 13 अप्रैल, दिन सोमवार: वरूथिनी एकादशी
- 14 अप्रैल, दिन मंगलवार: बैसाखी
- 15 अप्रैल, दिन बुधवार: बुध प्रदोष व्रत, वैशाख मासिक शिवरात्रि
- 17 अप्रैल, दिन शुक्रवार: दर्श अमावस्या, वैशाख अमावस्या
- 19 अप्रैल, दिन रविवार: अक्षय तृतीया
- 20 अप्रैल, दिन सोमवार: संकर्षण चतुर्थी
- 27 अप्रैल, दिन सोमवार: मोहिनी एकादशी
- 28 अप्रैल, दिन मंगलवार: भौम प्रदोष व्रत

## कल का राशिफल

कल का दिन सभी राशियों के लिए मिश्रित परिणाम लेकर आ सकता है, जहां कुछ लोगों को सफलता और लाभ मिलेगा तो कुछ को सावधानी बरतने की जरूरत होगी। ग्रह–नक्षत्रों की स्थिति के अनुसार चंद्रमा की चाल विभिन्न राशियों के जीवन पर अलग–अलग प्रभाव डालेगी।

**मेष राशि** के जातकों के लिए दिन सकारात्मक रहेगा। कठिन कार्य भी आसानी से पूरे होंगे और व्यापार में लाभ के संकेत हैं। हालांकि जल्दबाजी और लालच से बचना जरूरी होगा।

**वृषभ राशि** वालों को नए संपर्कों से फायदा मिल सकता है और आर्थिक स्थिति में सुधार के संकेत हैं, लेकिन बातचीत में संयम रखना जरूरी रहेगा।

**मिथुन राशि** के लोगों के विचारों की सराहना होगी और करियर में प्रगति दिखेगी।

**कर्क राशि** वालों को आर्थिक मामलों में सावधानी रखनी होगी और जल्दबाजी से बचना होगा।

**सिंह राशि** के जातकों के लिए नई जिम्मेदारियां और उन्नति के अवसर मिल सकते हैं।

**कन्या राशि** वालों को खर्चों पर नियंत्रण रखना होगा और व्यापार में सोच–समझकर कदम उठाने होंगे।

**तुला राशि** के जातकों को सहयोग मिलेगा, लेकिन संतुलन बनाए रखना जरूरी है।

**वृश्चिक राशि** वालों की मेहनत रंग लाएगी और आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**धनु राशि** के लिए दिन उन्नति और लाभ का संकेत दे रहा है।

**मकर राशि** वालों को जोखिम से बचकर चलना होगा।

**कुंभ राशि** के जातकों के लिए नए अवसर सामने आ सकते हैं और बदलाव लाभकारी रहेंगे।

**मीन राशि** के लोगों को मानसिक शांति और संतुलन बनाए रखने का लाभ मिलेगा।

# जब सच्चे भक्त ने भगवान विष्णु को कराया इंतजार



**यूनिक समय, मथुरा।** भगवान विष्णु भी उस दिन मानो चकित रह गए, जब एक भक्त ने उन्हें ईंट फेंककर कहा–"प्रभु, इस पर खड़े रहिए, मैं अभी सेवा में व्यस्त हूं।" यह कोई साधारण प्रसंग नहीं, बल्कि पंढरपुर विट्ठल मंदिर की अमर कथा है, जहां भगवान आज भी उसी ईंट पर खड़े माने जाते हैं। इस कथा के केंद्र में हैं पुंडलिक–जो पहले क्रूर स्वभाव का था। वह अपने वृद्ध माता–पिता से घृणा करता, उन्हें बोझ समझता और सेवा के बजाय अपमान देता था। एक यात्रा के दौरान, जब उसने अपने माता–पिता को ठंड में तड़पते छोड़ दिया, तभी उसके जीवन का सबसे बड़ा मोड़ आया। आधी रात उसने तीन दिव्य स्त्रियों को देखा–गंगा, यमुना और सरस्वती। उन्होंने माता–पिता की सेवा की और बताया कि सच्ची पवित्रता सेवा में है। यह सुन पुंडलिक का हृदय बदल गया। वह पूरी तरह माता–पिता की सेवा में समर्पित हो गया। जब भगवान विष्णु स्वयं उसे दर्शन देने आए, तब भी उसने सेवा को प्राथमिकता दी। उसकी इसी भावना से प्रसन्न होकर भगवान विट्ठल रूप में ईंट पर खड़े हो गए–और आज भी खड़े हैं, यह संदेश देते हुए कि माता–पिता की सेवा ही सबसे बड़ी भक्ति है।

# धरती से जन्मे नंदीश्वर ने अटूट भक्ति से पाया महादेव का सानिध्य

**यूनिक समय, मथुरा।** हिंदू पौराणिक कथाओं में कई अद्भुत प्रसंग मिलते हैं, लेकिन नंदीश्वर की कथा अपने आप में अनोखी और प्रेरणादायक है। यह कहानी एक ऐसे बालक की है, जिसका जन्म किसी मां की कोख से नहीं, बल्कि धरती के गर्भ से हुआ था। उसका तेज हजारों सूर्यों के समान बताया गया है और उसकी भक्ति ने उसे भगवान शिव का सबसे प्रिय बना दिया।

कथा के अनुसार, एक ऋषि थे शिलाद, जो एक ऐसी संतान की कामना करते थे, जिस पर स्वयं भगवान शिव की कृपा हो। उन्होंने कठोर तपस्या की और अंततः भगवान शिव प्रसन्न हुए। वरदान मिलने के बाद एक दिन यज्ञ भूमि जोतते समय शिलाद को मिट्टी के भीतर से एक दिव्य



बालक मिला। यही बालक नंदी था, जिसे उन्होंने बड़े प्रेम और स्नेह से पाला।

समय बीतता गया और नंदी का बचपन खुशियों में गुजरने लगा। लेकिन एक दिन दो दिव्य ऋषियों ने भविष्यवाणी की कि यह बालक अल्पायु है और उसकी मृत्यु निकट है। यह सुनकर शिलाद गहरे शोक में डूब गए, लेकिन नंदी ने अद्भुत धैर्य और विश्वास दिखाया। उसने अपने पिता से कहा कि जिसने उसे जीवन दिया है, वही उसकी रक्षा भी करेगा। इसके बाद नंदी ने भगवान शिव की आराधना करने का निश्चय किया। वह एक पैर पर खड़े होकर कठोर तपस्या में लीन हो गया। उसने अन्न-जल का त्याग कर दिया और केवल शिव नाम का जाप करने लगा। उसकी तपस्या इतनी प्रबल थी कि स्वयं भगवान शिव को प्रकट होना पड़ा। जब भगवान शिव उसके सामने आए, तो उन्होंने नंदी से वर मांगने को कहा। लेकिन नंदी ने न स्वर्ग मांगा, न अमरता–उसने केवल यही इच्छा जताई कि वह हमेशा शिव के सानिध्य में रहे। उसकी निस्वार्थ भक्ति से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उसे अमरत्व प्रदान किया और उसे अपना सखा, गण और वाहन बना लिया।

भगवान शिव ने यह भी वरदान दिया कि उनके दर्शन से पहले भक्त नंदी के दर्शन करेंगे। आज भी हर शिव मंदिर में नंदी की प्रतिमा भगवान शिव की ओर एकटक देखती हुई स्थापित होती है। मान्यता है कि भक्त अपनी मनोकामना नंदी के कान में कहते हैं, जो सीधे भगवान शिव तक पहुंचती है। नंदीश्वर की यह कथा हमें अटूट विश्वास, भक्ति और समर्पण की शक्ति का संदेश देती है।

## सम्पादकीय

# सजगता की कमी में उलझा आधुनिक मनुष्य

आधुनिक इंसान की सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि उसने चांद पर कदम रख लिया, लेकिन सबसे बड़ी विफलता यह है कि वह अपने ही मन के भीतर एक कदम भी नहीं रख पाया। बाहर की दुनिया जीतने की इस दौड़ में भीतर की दुनिया कब उजड़ गई, इसका हिसाब शायद किसी के पास नहीं है।

आज का मनुष्य इतना व्यस्त है कि उसे अपनी व्यस्तता पर भी गर्व होने लगा है। "मैं बहुत बिजी हूं"–यह वाक्य अब शिकायत नहीं, स्टेटस सिंबल बन चुका है। लेकिन जरा ठहरकर सोचिए, यह व्यस्तता आखिर किस काम की है, अगर इसके बदले हमें बेचैनी, तनाव और अनिद्रा ही मिल रही है? दिनभर भागते रहो, रात को मोबाइल घूरते रहो और फिर सुबह उठकर वही चक्र दोहराओ–यही तो आधुनिक जीवन का नया योग बन गया है।



पवन गौतम
संपादक

मजेदार बात यह है कि हम अपने घर की सफाई पर तो पूरा ध्यान देते हैं, लेकिन अपने मन को कूड़ाघर बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ते। हर तरह की चिंता, हर तरह की तुलना, हर तरह की ईर्ष्या–सब कुछ बड़े आराम से भीतर जमा करते जाते हैं। और फिर शिकायत करते हैं कि "मन शांत नहीं है।" अरे भई, जहां रोज कूड़ा डाला जाएगा, वहां सुगंध कैसे आएगी? बच्चों को देखिए–न उन्हें शेयर मार्केट की चिंता, न महंगाई की फिक्र, न किसी की सफलता से जलन। वे इसलिए खुश नहीं हैं कि उनके पास सब कुछ है, बल्कि इसलिए खुश हैं कि उनके भीतर अनावश्यक चीजें नहीं हैं। जैसे–जैसे हम बड़े होते जाते हैं, हम ज्ञान नहीं, बल्कि "अनावश्यक बोझ" इकट्ठा करते जाते हैं। अब बात आती है "शून्यता" की, जिसे हम खालीपन समझकर डर जाते हैं। जबकि असल में वही हमारी सबसे बड़ी पूंजी है। व्यंग्य यही है कि हम इस खाली जगह को भरने के लिए इतना कुछ ठूंस देते हैं कि अंत में खुद के लिए जगह ही नहीं बचती। फिर कहते हैं–"जीवन में सुकून नहीं है?"

इस कॉलम को मोबाइल पर सुनने के लिए QR कोड को स्कैन करें।

सजगता की बात करना आसान है, लेकिन अपनाना मुश्किल इसलिए लगता है क्योंकि इसमें कोई शॉर्टकट नहीं है। यह कोई मोबाइल ऐप नहीं कि डाउनलोड किया और शांति मिल गई। यह तो रोज अपने विचारों की चौकीदारी करने का काम है–किसे अंदर आने देना है, किसे नहीं।

अंततः सच्चाई बेहद सरल है–मन का ताला बाहर से नहीं, भीतर से ही खुलेगा। और चाबी भी कोई रहस्यमयी नहीं, बस थोड़ी–सी सजगता है। फर्क सिर्फ इतना है कि हम उसे ढूंढने के बजाय अभी भी बाहर ही भटक रहे हैं।

## नजरिया

# जयशंकर के दलाल वाले बयान से पाकिस्तान में आया सियासी भूचाल

बोध प्रकाश सगुणी



भारत और पाकिस्तान के बीच संबंधों में तल्खी कोई नई बात नहीं है, लेकिन हाल के घटनाक्रम ने एक बार फिर यह दिखा दिया है कि कूटनीति और बयानबाजी के बीच की रेखा कितनी तेजी से धुंधली हो जाती है। इस बार विवाद की जड़ बना है भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर का वह बयान, जिसमें उन्होंने साफ कहा कि "भारत कोई दलाल देश नहीं है।" इस कथन ने न केवल पाकिस्तान को असहज किया, बल्कि वहां की सियासत में एक नया भूचाल भी खड़ा कर दिया।

दरअसल, यह बयान ऐसे समय में आया है जब पश्चिम एशिया–विशेषकर ईरान, इजराइल और अमेरिका–के बीच तनाव अपने चरम पर है। इस तनाव के बीच पाकिस्तान खुद को एक संभावित मध्यस्थ के रूप में पेश करने की कोशिश कर रहा है। लेकिन भारत ने इस भूमिका से दूरी बनाते हुए यह स्पष्ट संकेत दिया कि वह ऐसी किसी भी "मध्यस्थता राजनीति" का हिस्सा नहीं बनेगा।

यहीं से विवाद की शुरुआत होती है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय से लेकर राजनीतिक गलियारों तक इस बयान की तीखी आलोचना की गई। खास तौर पर पाकिस्तान की पूर्व विदेश मंत्री हिना रब्बानी खार ने इसे "सियासी ड्रामेबाजी" करार दिया। उनका कहना है कि इस तरह की बयानबाजी पूरे क्षेत्र को प्रभावित करती है और तनाव को और बढ़ाती है। लेकिन सवाल यह है कि क्या यह केवल बयानबाजी है, या इसके पीछे एक गहरी रणनीतिक सोच भी छिपी है? एस. जयशंकर अपने स्पष्ट और सीधे बयानों के लिए जाने जाते हैं। उनकी शैली पारंपरिक कूटनीतिक भाषा से अलग है–जहां शब्दों को तौलकर बोला जाता है। जयशंकर का यह बयान भी उसी प्रवृत्ति का हिस्सा माना जा सकता है, जहां भारत अपनी विदेश नीति को अधिक आत्मविश्वासी और स्पष्ट रूप में प्रस्तुत कर रहा है। यह बयान केवल पाकिस्तान को जवाब नहीं था, बल्कि यह एक व्यापक संदेश भी था–कि भारत अब "तटस्थ दर्शक" नहीं बल्कि एक "स्वायत्त निर्णय लेने वाला" वैश्विक खिलाड़ी है। पाकिस्तान लंबे समय से खुद को इस्लामी दुनिया और पश्चिमी देशों के बीच एक सेतु के रूप में प्रस्तुत करता रहा है। ईरान और अमेरिका के बीच संबंधों में उतार-चढ़ाव के दौरान इस्लामाबाद ने कई बार मध्यस्थ बनने की कोशिश की है। हालांकि, यह कोशिशें अक्सर संदेह के घेरे में रही हैं। एक तरफ पाकिस्तान अमेरिका के साथ अपने रणनीतिक संबंधों को मजबूत करता है, तो दूसरी तरफ ईरान के साथ भी दोस्ती का दावा करता है। यही दोहरी नीति उसकी विश्वसनीयता पर सवाल खड़े करती है। भारत का "दलाल देश नहीं" वाला बयान इसी संदर्भ में देखा जा रहा है-एक तरह से यह पाकिस्तान की उसी दोहरी नीति पर सीधा हमला है। हिना रब्बानी खार की प्रतिक्रिया को केवल एक राजनीतिक प्रतिक्रिया मानना अधूरा विश्लेषण होगा। उनका बयान यह भी दर्शाता है कि पाकिस्तान के भीतर भी इस मुद्दे पर असहजता है। उन्होंने जिस "ड्रामेबाजी" शब्द का इस्तेमाल किया, वह दरअसल इस पूरे विवाद को एक अलग नजरिए से देखने का प्रयास है–जहां वह भारत की बयानबाजी को क्षेत्रीय तनाव का कारण बताने की कोशिश करती हैं। लेकिन यहां यह सवाल भी उठता है कि क्या पाकिस्तान खुद इस तनाव को कम करने की दिशा में कोई ठोस कदम उठा रहा है, या केवल बयानबाजी के जरिए अपनी भूमिका को बढ़ा–चढ़ाकर पेश कर रहा है? इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव ने पूरी दुनिया को चिंतित कर दिया है। अमेरिका की इसमें सक्रिय भूमिका ने इस संकट को और जटिल बना दिया है। भारत इस क्षेत्र में अपने आर्थिक और रणनीतिक हितों के कारण संतुलन बनाए रखने की कोशिश करता रहा है। एक तरफ भारत के इजराइल के साथ मजबूत रक्षा संबंध हैं, तो दूसरी तरफ ईरान के साथ ऊर्जा और कनेक्टिविटी के महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट जुड़े हुए हैं। ऐसे में भारत के लिए किसी एक पक्ष का खुलकर समर्थन करना संभव नहीं है। यही कारण है कि भारत ने खुद को "मध्यस्थता" से दूर रखते हुए एक संतुलित और स्वतंत्र रुख अपनाया है। भारत और पाकिस्तान के बीच इस तरह की बयानबाजी का सीधा असर केवल द्विपक्षीय संबंधों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि यह पूरे क्षेत्र की स्थिरता को प्रभावित करता है। पाकिस्तान के लिए यह मुद्दा घरेलू राजनीति में अपनी स्थिति मजबूत करने का एक जरिया बन सकता है। वहीं भारत के लिए यह अपनी वैश्विक छवि को "मजबूत और स्पष्ट" दिखाने का अवसर है। लेकिन दीर्घकालिक दृष्टिकोण से देखें तो यह बयानबाजी दोनों देशों के बीच विश्वास की खाई को और गहरा करती है। यह सवाल अब भी अनुत्तरित है कि क्या पाकिस्तान वास्तव में ईरान और अमेरिका के बीच एक प्रभावी मध्यस्थ बन सकता है। इतिहास और वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए यह कहना मुश्किल है। पाकिस्तान की आंतरिक राजनीतिक अस्थिरता, आर्थिक संकट और अंतरराष्ट्रीय मंच पर उसकी सीमित विश्वसनीयता इस भूमिका में बड़ी बाधाएं हैं। इसके विपरीत, भारत ने पिछले कुछ वर्षों में अपनी वैश्विक स्थिति को काफी मजबूत किया है। जी–20 की अध्यक्षता से लेकर विभिन्न बहुपक्षीय मंचों पर उसकी सक्रिय भागीदारी यह दर्शाती है कि भारत अब केवल क्षेत्रीय शक्ति नहीं, बल्कि एक वैश्विक खिलाड़ी बन चुका है।

पूरे घटनाक्रम को केवल एक "बयानबाजी विवाद" के रूप में देखना सही नहीं होगा। यह दरअसल दो अलग–अलग कूटनीतिक दृष्टिकोणों की टकराहट है-एक तरफ भारत का स्पष्ट और आत्मविश्वासी रुख, और दूसरी तरफ पाकिस्तान की मध्यस्थता के जरिए अपनी भूमिका को पुनर्स्थापित करने की कोशिश। एस. जयशंकर का बयान भले ही तीखा हो, लेकिन यह भारत की बदलती विदेश नीति का संकेत भी है–जहां देश अपने हितों को लेकर किसी भी तरह की अस्पष्टता नहीं रखना चाहता। वहीं हिना रब्बानी खार की प्रतिक्रिया यह दिखाती है कि पाकिस्तान इस बयान को केवल एक टिप्पणी नहीं, बल्कि अपनी रणनीतिक स्थिति पर एक चुनौती के रूप में देख रहा है। अंततः, यह विवाद हमें यह सोचने पर मजबूर करता है कि क्या अंतरराष्ट्रीय राजनीति में "शब्दों की ताकत" अब पहले से ज्यादा बढ़ गई है? और क्या कूटनीति अब केवल बंद कमरों में होने वाली बातचीत तक सीमित नहीं रह गई, बल्कि सार्वजनिक मंचों पर दिए गए बयानों से भी तय होने लगी है? जब तक इन सवालों के जवाब नहीं मिलते, तब तक भारत और पाकिस्तान के बीच इस तरह की बयानबाजी जारी रहना तय है और इसके साथ ही जारी रहेगी कूटनीति और सियासत के बीच की यह जंग।

## विचार पिण्डो

# एलपीजी संकट में जिम्मेदारी ही असली समाधान बने

ललित शर्मा

देश में एलपीजी (रसोई गैस) को लेकर समय–समय पर उत्पन्न होने वाली चिंताएं केवल आपूर्ति का मुद्दा नहीं हैं, बल्कि यह हमारी उपभोग आदतों, जागरूकता और सामूहिक जिम्मेदारी का भी आईना हैं। हाल के दिनों में एलपीजी संकट को लेकर जो चर्चाएं तेज हुई हैं, उन्होंने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या हम एक जिम्मेदार उपभोक्ता के रूप में अपनी भूमिका निभा रहे हैं?

दरअसल, किसी भी संसाधन की कमी केवल उत्पादन या वितरण की समस्या से नहीं जुड़ी होती, बल्कि उसके उपयोग के तरीके से भी गहराई से संबंधित होती है। एलपीजी के मामले में यह बात और भी अधिक प्रासंगिक हो जाती है, क्योंकि यह सीधे तौर पर आम आदमी की रसोई से जुड़ा हुआ है। ऐसे में जब संकट की आशंका पैदा होती है, तो सबसे पहली प्रतिक्रिया अक्सर घबराहट के रूप में सामने आती है–लोग अतिरिक्त सिलेंडर बुक करने लगते हैं, स्टॉक जमा करने लगते हैं और अनजाने में ही स्थिति को और जटिल बना देते हैं।

यहीं पर संयम और समझदारी की सबसे अधिक जरूरत होती है। यदि हर उपभोक्ता केवल अपनी वास्तविक जरूरत के अनुसार ही गैस का उपयोग और बुकिंग करे, तो किसी भी प्रकार के कृत्रिम संकट से बचा जा सकता है। "पैनिक बाइंग" यानी घबराहट में खरीदारी, किसी भी आपूर्ति प्रणाली के लिए सबसे बड़ी चुनौती होती है। यह न केवल वितरण तंत्र पर दबाव बढ़ाती है, बल्कि उन लोगों के लिए भी परेशानी खड़ी करती है, जिन्हें वास्तव में गैस की आवश्यकता होती है।

एलपीजी के विवेकपूर्ण उपयोग की बात करें, तो इसके कई सरल और व्यावहारिक तरीके हैं। उदाहरण के लिए, प्रेशर कुकर का उपयोग न केवल समय बचाता है, बल्कि गैस की खपत को भी काफी हद तक कम करता है। इसी तरह, खाना बनाते समय बर्तनों को ढककर पकाना, धीमी या मध्यम आंच का इस्तेमाल करना और दाल–चावल जैसी चीजों को पहले भिगो देना–ये सभी छोटे–छोटे उपाय हैं, लेकिन इनका सामूहिक प्रभाव बहुत बड़ा हो सकता है।



इसके अलावा, हमें यह भी समझना होगा कि एलपीजी ही एकमात्र विकल्प नहीं है। शहरी क्षेत्रों में जहां पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) की सुविधा उपलब्ध है, वहां उसका उपयोग बढ़ाया जा सकता है। वहीं, इंडक्शन चूल्हे और सौर ऊर्जा आधारित उपकरण भी एक व्यवहारिक विकल्प के रूप में सामने आ रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में भी पारंपरिक ईंधनों के बेहतर और स्वच्छ विकल्पों को अपनाने की दिशा में प्रयास किए जा सकते हैं।

लेकिन समस्या का एक दूसरा पहलू भी है–अफवाहें। एलपीजी संकट के दौरान अक्सर यह देखने में आता है कि "गैस खत्म हो रही है" जैसी अपुष्ट खबरें तेजी से फैलती हैं, जिससे लोगों में भय और असुरक्षा की भावना बढ़ती है। यह स्थिति न केवल अनावश्यक भीड़ और कतारों को जन्म देती है, बल्कि कालाबाजारी को भी बढ़ावा देती है। ऐसे में यह बेहद जरूरी है कि लोग केवल आधिकारिक सूचनाओं पर ही भरोसा करें और किसी भी तरह की अफवाहों से दूर रहें।

कालाबाजारी और जमाखोरी इस संकट को और गहरा करने वाले दो बड़े कारण हैं। जब कुछ लोग जरूरत से ज्यादा गैस जमा करते हैं या इसे ऊंचे दामों पर बेचने की कोशिश करते हैं, तो इसका सीधा असर आम उपभोक्ता पर पड़ता है। इसलिए प्रशासन के साथ–साथ नागरिकों की भी जिम्मेदारी बनती है कि वे ऐसी गतिविधियों की जानकारी संबंधित अधिकारियों को दें और इस तरह के कृत्यों को बढ़ावा न दें। यह भी ध्यान देने योग्य है कि एलपीजी संकट केवल एक देश की समस्या नहीं होती, बल्कि इसके पीछे कई बार वैश्विक कारण भी होते हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में ऊर्जा संसाधनों की कीमतों में उतार–चढ़ाव, आपूर्ति श्रृंखला में बाधाएं और भू-राजनीतिक परिस्थितियां–ये सभी कारक एलपीजी की उपलब्धता को प्रभावित कर सकते हैं। ऐसे में यह और भी आवश्यक हो जाता है कि हम अपने स्तर पर संसाधनों का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करें। इस पूरे परिदृश्य में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका जागरूकता की है। यदि हर व्यक्ति अपने परिवार और आसपास के लोगों को एलपीजी के सही उपयोग और बचत के उपायों के बारे में जागरूक करे, तो यह एक बड़े सामाजिक परिवर्तन की दिशा में कदम हो सकता है। स्कूलों, सामाजिक संगठनों और मीडिया के माध्यम से भी इस विषय पर जागरूकता बढ़ाई जा सकती है। साथ ही, सरकार द्वारा जारी दिशा–निर्देशों का पालन करना भी उतना ही जरूरी है। बुकिंग के नियमों का पालन करना, सब्सिडी और वितरण प्रणाली में पारदर्शिता बनाए रखना और जरूरतमंदों तक गैस की उपलब्धता सुनिश्चित करना-ये सभी पहलू मिलकर ही इस संकट का समाधान प्रस्तुत कर सकते हैं।

अंततः, एलपीजी संकट हमें यह सिखाता है कि किसी भी संसाधन का उपयोग केवल व्यक्तिगत जरूरतों तक सीमित नहीं होता, बल्कि उसका सामाजिक प्रभाव भी होता है। यदि हम अपने छोटे–छोटे स्वार्थों से ऊपर उठकर सामूहिक हित को प्राथमिकता दें, तो किसी भी संकट का सामना अधिक प्रभावी तरीके से किया जा सकता है। यह समय घबराने का नहीं, बल्कि समझदारी और एकजुटता दिखाने का है। यदि हर नागरिक अपनी जिम्मेदारी को समझे और उसका पालन करे, तो एलपीजी संकट जैसी समस्याएं केवल अस्थायी चुनौती बनकर रह जाएंगी, न कि एक बड़ी आपदा।

## रोहित शर्मा ने तोड़ा खुद का रिकॉर्ड

# आईपीएल में दिखाया धमाकेदार बैटिंग का जलवा



### आईपीएल 2026 में शानदार शुरुआत

आईपीएल के अपने पहले ही मैच में रोहित शर्मा ने शानदार बल्लेबाजी कर अपने साल 2015 के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। मुंबई इंडियंस ने केकेआर को आसानी से हराया और रोहित की धुआंधार पारी ने टीम को जीत दिलाने में मुख्य भूमिका निभाई।

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 के अपने पहले ही मैच में रोहित शर्मा ने शानदार बल्लेबाजी कर अपने साल 2015 के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। मुंबई इंडियंस ने केकेआर को आसानी से हराया और रोहित की धुआंधार पारी ने टीम को जीत दिलाने में मुख्य भूमिका निभाई। केकेआर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट पर 220 रन बनाए। इस चुनौतीपूर्ण लक्ष्य को हासिल करने के लिए मुंबई इंडियंस को 221 रन बनाने थे। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए ओपनिंग जोड़ी की मजबूत शुरुआत जरूरी थी। रोहित शर्मा और रियान रिकल्टन ने पहले विकेट के लिए 148 रनों की शानदार साझेदारी की। यह मुंबई इंडियंस के इतिहास में तीसरी सबसे बड़ी साझेदारी और पहले विकेट के लिए दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी बन गई। साल 2012 में रोहित और हर्षल गिब्स ने नाबाद 167 रन की साझेदारी की थी, जो पहले नंबर पर है। वहीं सचिन तेंदुलकर और ड्वेन स्मिथ के बीच पहले विकेट के लिए 163 रनों की साझेदारी दूसरे स्थान पर है।

**रोहित शर्मा और रियान रिकल्टन ने की 148 रनों की शानदार साझेदारी**

रोहित शर्मा ने आईपीएल में अपना सबसे तेज अर्धशतक भी लगाया। केवल 23 गेंदों में उन्होंने 50 रन पूरे किए, जिससे उन्होंने 2015 में खुद का रिकॉर्ड तोड़ दिया था, जब उन्होंने 25 गेंदों में अर्धशतक बनाया था। उन्होंने कुल 38 गेंदों में 78 रन बनाए, जिसमें छह चौके और छह छक्के शामिल थे। उनका स्ट्राइक रेट 200 से अधिक रहा, जो उनकी आक्रामक शैली को दर्शाता है। रोहित की इस धमाकेदार पारी ने टीम को जीत की राह आसान बना दी और दर्शकों को भी रोमांचक प्रदर्शन का आनंद लेने का मौका मिला। यदि रोहित शर्मा का बल्ला ऐसे ही चलता रहा, तो मुंबई इंडियंस पूरे आईपीएल 2026 सीजन में मजबूत प्रदर्शन करते हुए टाइटल के दावेदार बन सकती है।

## धुरंधर-2 ने तोड़ा पुष्पा-2 का रिकॉर्ड

## बॉक्स ऑफिस पर मचाया तहलका




**यूनिक समय, नई दिल्ली।** रणवीर सिंह अभिनीत और आदित्य धर निर्देशित धुरंधरः द रिवेंज (धुरंधर 2) ने बॉक्स ऑफिस पर धमाका कर दिया है। फिल्म 19 मार्च को रिलीज हुई थी और महज 11 दिनों में ही पुष्पा-2 का रिकॉर्ड तोड़ दिया। ग्यारहवें दिन फिल्म ने 65-70 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया, जिससे भारत में इसका कुल नेट कलेक्शन 850 करोड़ रुपये के करीब पहुंच गया। वैश्विक स्तर पर धुरंधर 2 ने 1300 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई कर ली है।

फिल्म में अर्जुन रामपाल, संजय दत्त, आर. माधवन, सारा अर्जुन और राकेश बेदी ने महत्वपूर्ण भूमिकाएँ निभाईं। धुरंधर-2 अब भारत में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्मों की लिस्ट में शीर्ष पर है और अल्लू अर्जुन की पुष्पा 2 (812 करोड़ रुपये) को पीछे छोड़ चुकी है। पहला पार्ट धुरंधर 5 दिसंबर, 2025 को रिलीज हुआ था और 1350 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई कर तहलका मचा चुका है। धुरंधर 2 भी अपनी कमाई के मामले में सभी रिकॉर्ड तोड़ रही है। अभी फिल्म सिनेमाघरों में लगातार चल रही है और फैन्स इसे बेहद पसंद कर रहे हैं। इसके बाद ओटीटी रिलीज की भी तैयारी की जाएगी। धुरंधर-2 की धमाकेदार कमाई ने इसे 2026 की सबसे बड़ी हिंदी फिल्म बना दिया है।

## ओडीआई वर्ल्ड कप 2027: आईसीसी ने बनाया बड़ा प्लान

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** वनडे विश्व कप 2027 को लेकर आईसीसी ने तैयारी शुरू कर दी है। टूर्नामेंट को और बड़ा बनाने के लिए आईसीसी ने 2003 के फॉर्मेट की वापसी करने का निर्णय लिया है। फैंस में उत्साह पहले से ही दिखाई दे रहा है। अगले साल अक्टूबर से नवंबर तक यह टूर्नामेंट खेला जाएगा, लेकिन अभी तक इसका पूरा शेड्यूल आईसीसी ने जारी नहीं किया है।



इस बार विश्व कप की मेजबानी साउथ अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया को दी गई है। खास बात यह है कि यह पहला मौका है जब किसी एसोसिएट नेशन को होस्ट की जिम्मेदारी मिली है। हालांकि नामीबिया की टीम अभी तक क्वालीफाई नहीं कर पाई है। 24 साल बाद अफ्रीका महाद्वीप में वनडे विश्व कप की वापसी हो रही है।

**विश्व कप की मेजबानी साउथ अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया को दी गई**

आईसीसी ने 2027 विश्व कप को 14 टीमों के साथ आयोजित करने का फैसला किया है। इसके चलते कुल 54 मैच खेले जाएंगे। साल 2023 के विश्व कप में 10 टीमें और 48 मैच थे। नए फॉर्मेट में टीमों को ज्यादा मौके मिलेंगे और टूर्नामेंट पहले से ज्यादा रोमांचक होगा। 2003 में 14 टीमें दो ग्रुपों में विभाजित थीं, हर ग्रुप से टॉप 3 टीमें सुपर 6 में पहुंचती थीं। लीग चरण में जितने मैच जीते जाते थे, उनके अंक सुपर 6 में शामिल होते थे। केवल सुपर 6 में पहुँचने वाली टीमों के अंक ही आगे बढ़ते थे। तीनों देशों में से सबसे ज्यादा मैच साउथ अफ्रीका में होंगे, कुल 54 में से 44 मैच यहीं खेलेंगे। जोहान्सबर्ग, केप टाउन और डरबन मुख्य शहर होंगे। बाकी 10 मैच जिम्बाब्वे और नामीबिया में होंगे।

## राहुल बनर्जी का निधन और आखिरी पोस्ट

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** बंगाली अभिनेता राहुल अरुणोदय बनर्जी का 29 मार्च को निधन हो गया। 43 साल की उम्र में उनका जाना फिल्म और टीवी इंडस्ट्री के लिए बड़ा सदमा है। राहुल अपनी पत्नी और बच्चों को छोड़कर चले गए।

उनका आखिरी इंस्टाग्राम पोस्ट उनके पॉडकास्ट शो 'सहज कथा' का वीडियो था, जिसमें वे अभिनेता और राजनेता ब्रात्या बासु के साथ बातचीत करते नजर आए। इसके कैप्शन में उन्होंने दर्शकों को यूट्यूब पर पूरा एपिसोड देखने का सुझाव दिया। राहुल ने अपने करियर की शुरुआत मात्र तीन साल की उम्र में थिएटर से की थी।

## भारती सिंह टीवी लाइव शो से बनीं करोड़ों की मालकिन



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** छोटे शहर अमृतसर की लड़की भारती सिंह आज टीवी की सबसे लोकप्रिय कॉमेडियन और करोड़ों की मालकिन बन चुकी हैं। उनका सफर संघर्ष और मेहनत से भरा रहा। 'कॉमेडी सर्कस' से उन्हें असली पहचान मिली और इसके बाद 'द कपिल शर्मा शो', 'इंडियाज गॉट टैलेंट' और 'खतरों के खिलाड़ी' जैसे शो उनके करियर के गेम चेंजर साबित हुए। भारती की कुल कमाई का लगभग 60 प्रतिशत टीवी शो से आता है। 20 प्रतिशत उनकी होस्टिंग और लाइव कॉमेडी शो से होती है। ब्रांड एंड सोशल मीडिया से भी उन्हें कमाई होती है, जिसमें ब्रांड एंडोर्समेंट 15 प्रतिशत और सोशल मीडिया 5 प्रतिशत योगदान देता है। 2017 में हर्ष लिंबाचिया से शादी के बाद भारती दो बच्चों की मां भी हैं। काम और परिवार के बीच उनका बैलेंस उनके फैंस के लिए प्रेरणादायक है। उनके जोश, कॉमिक टाइमिंग और पॉपुलैरिटी ने उन्हें इंडस्ट्री में एक मजबूत मुकाम दिलाया है।

## बॉयफ्रेंड के साथ मलाइका अरोड़ा पहुंचीं जैन मंदिर

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा अपनी डेटिंग लाइफ को लेकर हमेशा चर्चाओं में रहती हैं। हाल ही में उनका नाम कारोबारी हर्ष मेहता के साथ जोड़ा गया है। इसी बीच दोनों राजस्थान के आदिनाथ जैन मंदिर, नरलाई में नजर आए। मलाइका सफेद सलवार-सूट में और हर्ष ब्लैक शर्ट व मेहंदी कलर की पैंट में दिखाई दिए। फैंस के साथ तस्वीरें खिंचवाईं और बातचीत भी की। दोनों मंदिर में पूजा-पाठ में शामिल हुए। सोशल मीडिया पर उनकी ये तस्वीरें और वीडियो तेजी से वायरल हो रही हैं। इस मौके पर दोनों का सहज और स्टाइलिश अंदाज फैंस का ध्यान खींचने में कामयाब रहा, जिससे उनके अफेयर की चर्चाओं को और हवा मिल गई है।

## सलमान खान अप्रैल से शुरू करेंगे वामसी-पेडिपल्ली की नई फिल्म




**यूनिक समय, नई दिल्ली।** सलमान खान अपनी आगामी फिल्म 'मातृभूमि' की सुर्खियों के बाद अब दिल राजू के प्रोजेक्ट में नजर आने वाले हैं। अभिनेता ने इंस्टाग्राम पर निर्देशक वामसी पेडिपल्ली के साथ अपनी एक खास तस्वीर साझा कर इसकी पुष्टि की। इस तस्वीर के साथ सलमान ने लिखा, "दिल, दिमाग और जिगर से इस अप्रैल से वामसी और दिल राजू के साथ।" इसका मतलब है कि फिल्म की शूटिंग अप्रैल 2026 से शुरू होगी।

सलमान की यह फिल्म एक मेगा एक्शन प्रोजेक्ट होगी। इससे पहले वामसी पेडिपल्ली ने तेलुगु और तमिल सिनेमा में कई ब्लॉकबस्टर फिल्में डायरेक्ट की हैं। उनकी फिल्मोग्राफी में प्रभास, एनटीआर, राम चरण, अल्लू अर्जुन, नागार्जुन, महेश बाबू और विजय जैसी बड़ी हस्तियों के साथ काम शामिल है।

सलमान इससे पहले 'मातृभूमि वॉर रेस्ट इन पीस' (पूर्व में 'बैटल ऑफ गलवान') में नजर आएंगे। इस फिल्म की रिलीज डेट प्रशांत तमांग के निधन के कारण टल गई थी। पहले इसे 17 अप्रैल 2026 को रिलीज किया जाना था, लेकिन अब यह 15 अगस्त या उसके आसपास रिलीज हो सकती है। सलमान खान की इस नई फिल्म को लेकर फैन्स में उत्साह बढ़ गया है, और वामसी पेडिपल्ली की निर्देशन शैली और दिल राजू की प्रोडक्शन टीम से इसे एक बड़ी हिट बनने की उम्मीद जताई जा रही है।

## अनिल कपूर बने नाना, सोनम-अनंद के दूसरे बेटे का स्वागत





**यूनिक समय, नई दिल्ली।** अनिल कपूर के परिवार में खुशियों की बहार आई है। उनकी बेटी सोनम कपूर और दामाद आनंद आहूजा ने 29 मार्च को अपने दूसरे बेटे का स्वागत किया। इस खुशी की खबर सोशल मीडिया पर साझा करते हुए अनिल कपूर ने एक दिल को छू लेने वाला संदेश लिखा। उन्होंने कहा, "और बस यूं ही... मेरा दिल और भी बड़ा हो गया है। इस दुनिया में तुम्हारा स्वागत है, मेरे नन्हे-मुन्ने तुम्हें अभी से बहुत प्यार मिल रहा है। वायु, अब तुम बड़े भाई बन गए हो और मुझे पता है कि तुम एक बेहतरीन भाई बनोगे। धन्यवाद, सोनम और आनंद... नाना का दिल खुशी से भर गया है।" सोनम कपूर ने भी अपने बेटे के जन्म की खुशी साझा करते हुए कहा कि यह उनके बढ़ते परिवार के लिए एक खूबसूरत पड़ाव है।

उन्होंने यह भी बताया कि उनका बड़ा बेटा वायु नए रोल के लिए बहुत उत्साहित है। इस खुशी की खबर के बाद करीना कपूर खान, रिया कपूर और हुमा कुरैशी सहित कई सेलेब्स ने कपल को शुभकामनाएं दी हैं। सोनम और आनंद ने 2018 में शादी की थी। अगस्त 2022 में उनका पहला बेटा वायु जन्मा था। अब इस परिवार में दूसरे बेटे के आगमन से नई खुशियों का दौर शुरू हो गया है। फिलहाल, नवजात का नाम कपल ने अभी तक साझा नहीं किया है।

## पटपड़गंज कोर्ट में रवि किशन की वापसी

# 'मामला लीगल है' तीन अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर रिलीज की घोषणा

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** अभिनेता रवि किशन एक बार फिर कोर्ट ड्रामा कॉमेडी सीरीज 'मामला लीगल है' के दूसरे सीजन के साथ लौट रहे हैं। मेकर्स ने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्टर जारी कर सीरीज की तीन अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर रिलीज की घोषणा की। पोस्टर में रवि किशन सहित सभी कलाकार काले कोट में नजर आ रहे हैं। फैंस ने इस खबर का उत्साहपूर्वक स्वागत किया और कमेंट सेक्शन में अपनी प्रतिक्रियाएं साझा कीं। सीरीज का पहला सीजन 2024 में स्ट्रीम हुआ था




और कॉमेडी और कोर्टरूम ड्रामा के मेल ने दर्शकों को बहुत पसंद आया। अब फैंस दूसरे सीजन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। नया सीजन भी उसी अंदाज में कानूनी मामलों और कोर्टरूम की हल्की-फुल्की कॉमेडी पेश करेगा। 'मामला लीगल है' सीजन दो में आठ एपिसोड होंगे और यह पटपड़गंज जिला न्यायालय में होने वाले अलग-अलग केस और अजीब वकीलों पर केंद्रित रहेगा। सीरीज में निधि बिष्ट, नैला ग्रेवाल, अनंत जोशी, अंजुम बत्रा, कुशा कपिला और दिनेश लाल यादव मुख्य भूमिकाओं में होंगे। इसे राहुल पांडे और समीर सक्सेना ने निर्देशित किया है, जबकि कहानी सैयद शादान, मोहक अनेजा और तत्सत पांडे ने लिखी है।

### सीएम ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को बांटे स्मार्टफोन और नियुक्ति पत्र

# स्मार्टफोन से मिलेगा समय पर रियलटाइम डाटा : योगी

**यूनिक समय, लखनऊ।** लखनऊ में आयोजित एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम में योगी आदित्यनाथ ने आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों, सहायिकाओं और मुख्य सेविकाओं को स्मार्टफोन और नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस पहल को बाल विकास और पोषण योजनाओं को मजबूत बनाने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है।

लोकभवन में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने नव नियुक्त कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र भी सौंपे। साथ ही बच्चों की लंबाई और वजन मापने के लिए ग्रोथ मॉनिटरिंग डिवाइस भी वितरित किए गए। इन उपकरणों के जरिए बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण की निगरानी अब अधिक सटीक और प्रभावी तरीके से की जा सकेगी।



मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां जमीनी स्तर पर महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, लेकिन अब तक उनके काम का रियलटाइम डाटा समय पर उपलब्ध नहीं हो पाता था। स्मार्टफोन मिलने से अब यह समस्या दूर होगी और विभाग को समय पर सटीक जानकारी मिल सकेगी। उन्होंने यह भी कहा कि डाटा समय पर अपलोड न होने के कारण कई बार राज्य की रैंकिंग प्रभावित होती थी। अब डिजिटल माध्यम से सभी सूचनाएं तुरंत उपलब्ध होंगी, जिससे योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और तेजी आएगी। इस पहल से न केवल कार्यकत्रियों का काम आसान होगा, बल्कि सरकारी योजनाओं का लाभ भी सीधे जरूरतमंदों तक पहुंचेगा। डिजिटल तकनीक के उपयोग से आंगनबाड़ी सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार होने की उम्मीद जताई जा रही है। कार्यक्रम के दौरान मौजूद अधिकारियों ने बताया कि यह कदम महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में भी अहम साबित होगा। अब कार्यकत्रियां तकनीक के माध्यम से अपने कार्य को अधिक प्रभावी ढंग से कर सकेंगी। कुल मिलाकर, यह पहल प्रदेश में बाल विकास और पोषण योजनाओं को नई दिशा देने के साथ-साथ डिजिटल सिस्टम को मजबूत बनाने की ओर एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

## अयोध्या की अनामिका ने हासिल की चौथी रैंक

### बनीं डिप्टी कलेक्टर सेल्फ स्टडी से मिली सफलता

**यूनिक समय, अयोध्या।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा घोषित पीसीएस 2024 के अंतिम परिणामों ने एक बार फिर साबित कर दिया कि बेटियां अब हर क्षेत्र में नई ऊंचाइयां छू रही हैं। इस बार के नतीजों में न केवल उनकी भागीदारी बढ़ी है, बल्कि शीर्ष पदों पर भी उनका दबदबा साफ दिखाई दे रहा है।

कुल 932 चयनित अभ्यर्थियों में 319 लड़कियां शामिल हैं, जो लगभग 34.22 प्रतिशत है। यह आंकड़ा पिछले वर्षों की तुलना में बेहतर है और यह दर्शाता है कि प्रशासनिक सेवाओं में बेटियों की भागीदारी लगातार मजबूत हो रही है। सबसे खास बात डिप्टी कलेक्टर (एसडीएम) पदों को लेकर रही। कुल 37 चयनित उम्मीदवारों में से 21 बेटियां हैं, यानी करीब 57 प्रतिशत पदों पर उनका कब्जा है। यह उपलब्धि अपने आप में एक नया कीर्तिमान मानी जा रही है। टॉपर्स की सूची में भी बेटियों ने शानदार प्रदर्शन किया। नेहा पांचाल ने पहली रैंक हासिल कर शीर्ष स्थान प्राप्त किया, जबकि अनन्या त्रिवेदी दूसरे स्थान पर रहीं। इसके अलावा अनामिका मिश्रा, नेहा सिंह (5वीं रैंक), दीप्ति वर्मा, पूजा तिवारी, नेहा तोमर (11वीं रैंक), दीक्षा अग्रवाल, गरिमा शर्मा, करिश्मा चौहान, ज्योति, सोनम यादव और श्वेता वर्मा ने भी उत्कृष्ट सफलता हासिल की। इस बार एक दिलचस्प संयोग भी देखने को मिला, जहां नेहा पांचाल, नेहा सिंह और नेहा तोमर-तीनों अलग-अलग अभ्यर्थियों ने टॉप रैंक में जगह बनाकर खास चर्चा बटोरी। तीनों अब डिप्टी कलेक्टर के पद पर अपनी जिम्मेदारी निभाएंगी।

वहीं डिप्टी एसपी पदों पर भी बेटियों ने मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। कुल 17 पदों में से 7 पर लड़कियों का चयन हुआ है, जो उनके बढ़ते आत्मविश्वास और क्षमता को दर्शाता है। कुल मिलाकर, पीसीएस 2024 के ये नतीजे नारी सशक्तिकरण की मजबूत तस्वीर पेश करते हैं, जहां बेटियां अब नेतृत्व की भूमिका में भी आगे बढ़ रही हैं।

## जनता दर्शन में योगी का भरोसा हर समस्या का होगा समाधान



**यूनिक समय, लखनऊ।** योगी आदित्यनाथ ने राजधानी लखनऊ में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान आम लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और उन्हें भरोसा दिलाया कि सरकार हर शिकायत का समाधान सुनिश्चित करेगी। मुख्यमंत्री के इस आश्वासन से कार्यक्रम में पहुंचे लोगों के चेहरों पर राहत और उम्मीद साफ दिखाई दी। सोमवार को अपने सरकारी आवास पर आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग अपनी-अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। किसी ने भूमि विवाद की शिकायत की तो किसी ने रोजगार, स्वास्थ्य और प्रशासनिक समस्याओं को लेकर गुहार लगाई। सीएम योगी ने हर व्यक्ति की बात ध्यान से सुनी और अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा, "घबराइए नहीं, हर समस्या का समाधान कराया जाएगा।" उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण संवेदनशीलता, पारदर्शिता और समयबद्ध तरीके से किया जाए। उन्होंने यह भी जोर दिया कि जनता की समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान सीएम ने कई मामलों में तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए, जिससे पीड़ितों को तुरंत राहत मिलने की उम्मीद जगी।

## चूल्हे की आग बनी काल, ग्रामीण की दर्दनाक मौत

**यूनिक समय, बरेली।** बरेली के मीरगंज क्षेत्र से एक बेहद दुखद घटना सामने आई है, जहां मिट्टी के चूल्हे पर खाना बनाते समय एक ग्रामीण की जलकर मौत हो गई। इस हादसे ने पूरे गांव को झकझोर कर रख दिया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

घटना मीरगंज थाना क्षेत्र के लभेड़ा दुर्गाप्रसाद गांव की है। जानकारी के अनुसार 45 वर्षीय हरपाल अपने घर में अकेले रहते थे। रविवार को वे रोज की तरह चूल्हे पर खाना बना रहे थे, तभी अचानक उनके कपड़ों में आग लग गई। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप ले लिया और उन्हें संभलने का मौका तक नहीं मिला।

ग्रामीणों ने बताया कि घर से धुआं उठता देख आसपास के लोग मौके पर




पहुंचे। जब दरवाजा खोलकर अंदर देखा गया तो हरपाल गंभीर रूप से झुलस चुके थे। उनकी मौके पर ही मौत हो चुकी थी। यह मंजर इतना भयावह था कि देखने वालों का कलेजा कांप उठा।

परिवार के लोगों के अनुसार, हरपाल को कभी-कभी दौरे पड़ते थे। आशंका जताई जा रही है कि खाना बनाते समय उन्हें अचानक दौरा पड़ा होगा, जिससे वे आग की चपेट में आ गए और खुद को बचा नहीं सके। हालांकि इस संबंध में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्रथम दृष्टया यह हादसा प्रतीत हो रहा है। वहीं, परिजनों ने बिना पोस्टमॉर्टम कराए ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया, जिससे जांच की दिशा सीमित हो गई है। इस दर्दनाक घटना ने एक बार फिर ग्रामीण क्षेत्रों में चूल्हे पर खाना बनाने के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों की जरूरत को उजागर किया है। जरा-सी लापरवाही या अचानक आई स्वास्थ्य समस्या भी बड़ी दुर्घटना में बदल सकती है।




## एटा में जैन परिवार बना वैराग्य की मिसाल



### बेटे के बाद माता-पिता भी बने संन्यासी

**यूनिक समय, एटा।** एटा से एक अनोखी और प्रेरणादायक खबर सामने आई है, जहां एक ही जैन परिवार के तीन सदस्यों-पुत्र, पिता और मां-ने क्रमबद्ध तरीके से गृहस्थ जीवन त्यागकर संन्यास मार्ग अपना लिया। यह घटना जैन समाज में अत्यंत दुर्लभ मानी जा रही है और लोगों के लिए आध्यात्मिक प्रेरणा बन रही है।

सुंदरलाल स्ट्रीट निवासी इस परिवार की कहानी वर्ष 2009 से शुरू होती है, जब परिवार के इकलौते पुत्र प्रशांत जैन का रुझान अध्यात्म की ओर बढ़ने लगा। पढ़ाई में मेधावी होने के बावजूद उनका मन सांसारिक जीवन से हटता गया। बहन की शादी के बाद उन्होंने 25 नवंबर 2015 को मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ में आचार्य विमर्श सागर महाराज से मुनि दीक्षा लेकर मुनि विव्रत सागर के रूप में नया जीवन शुरू किया। पुत्र के इस निर्णय का गहरा प्रभाव उनके पिता मुकुल जैन पर पड़ा। उन्होंने भी कुछ समय बाद वैराग्य का मार्ग अपनाने का निश्चय किया और 16 नवंबर 2017 को जबलपुर में उसी आचार्य से दीक्षा लेकर मुनि विश्वांक सागर बन गए। इसके बाद उन्होंने धर्म प्रचार और साधना में खुद को समर्पित कर दिया। परिवार की इस आध्यात्मिक यात्रा का अंतिम पड़ाव तब आया, जब मां सुमन जैन ने भी गृहस्थ जीवन त्यागने का निर्णय लिया। 3 नवंबर 2019 को छत्तीसगढ़ के दुर्ग में उन्होंने क्षुल्लिका दीक्षा लेकर विप्रांत माताजी के रूप में आध्यात्मिक जीवन अपना लिया। एक ही परिवार के तीन सदस्यों द्वारा इस तरह क्रमिक रूप से संन्यास लेना समाज में विरल उदाहरण माना जा रहा है। परिवार ने अपनी पूरी संपत्ति और संसाधन भी धर्म को समर्पित कर दिए हैं। वर्तमान में तीनों ही मेरठ में आचार्य के सान्निध्य में रहकर तप, जप और प्रवचन के माध्यम से धर्म प्रचार कर रहे हैं। यह परिवार त्याग, समर्पण और वैराग्य की एक ऐसी मिसाल बन गया है, जो आने वाली पीढ़ियों को भी प्रेरित करता रहेगा।

## जीएसटी घोटाला : एक फर्म से खुला 100 का जाल




**यूनिक समय, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश स्पेशल टास्क फोर्स की जांच में जीएसटी चोरी का बड़ा नेटवर्क सामने आया है। राजधानी लखनऊमें शुरू हुई तफ्तीश, जो पहले केवल एक फर्म तक सीमित थी, अब 100 से अधिक बोगस फर्मों तक पहुंच चुकी है।

मामले की शुरुआत आराध्या इंटरप्राइजेज नाम की एक फर्म से हुई थी, लेकिन जांच आगे बढ़ने पर कई अन्य फर्जी कंपनियों का खुलासा हुआ। एसटीएफ ने हाल ही में गुजरात निवासी केशवानी अब्बास हुसैन को गिरफ्तार किया था, जिसने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर इस नेटवर्क को खड़ा किया।

अधिकारियों के अनुसार, यह गिरोह कुछ मोबाइल नंबरों और सीमित बैंक खातों का इस्तेमाल कर सैकड़ों फर्में बनाता था और उन्हीं के जरिए करोड़ों रुपये की जीएसटी चोरी को अंजाम देता था।

जांच एजेंसियों का मानना है कि इस मामले में कई और आरोपी रडार पर हैं और आने वाले दिनों में बड़े खुलासे हो सकते हैं। वहीं, एसटीएफ ने जीएसटी विभाग को सलाह दी है कि केस दर्ज करने से पहले संबंधित फर्मों का पूरा नेटवर्क खंगाला जाए, ताकि जांच और प्रभावी हो सके।

## सार संक्षेप

### बिहार की सियासत में बड़ा उलटफेर: नीतीश कुमार और नितिन नबीन ने दिया इस्तीफा

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और बीजेपी नेता नितिन नबीन ने राज्यसभा सदस्य चुने जाने के बाद अपने-अपने सदनों से इस्तीफा दे दिया है। नीतीश कुमार ने विधान परिषद और नितिन नवीन ने विधानसभा की सदस्यता छोड़ी। इस्तीफे प्रतिनिधियों के माध्यम से सौंपे गए। यह कदम बिहार की राजनीति में बड़े बदलाव और अगले मुख्यमंत्री के चयन पर सस्पेंस पैदा करता है। विधान परिषद सभापति ने नीतीश कुमार की सराहना की।

### पीएम मोदी की चेतावनी असम चुनाव में एआई फेक वीडियो से खतरा

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' कार्यक्रम में असम के बीजेपी कार्यकर्ताओं से बातचीत करते हुए कहा कि एआई के फेक वीडियो चुनावी खेल बिगाड़ सकते हैं। उन्होंने असम में भाजपा-एनडीए की हैट्रिक के लिए कार्यकर्ताओं को सक्रिय रहने की सलाह दी। मोदी ने असम में पिछले एक दशक में विकास और स्थिरता पर जोर दिया और पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं से पूर्व कांग्रेस सरकारों के शासन को याद रखने का आग्रह किया।

### पाकिस्तान के उप पीएम इशाक डार गिर पड़े, वीडियो वायरल

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** इस्लामाबाद में मिस्र के विदेश मंत्री का स्वागत करते समय पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार लड़खड़ाकर लाल कालीन पर गिर पड़े। सोशल मीडिया पर यह वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। घटना विदेश मंत्रालय में हुई थी, जब डार अतिथि का अभिवादन करने बढ़े थे। यह दौरान पाकिस्तान और मध्य पूर्व देशों के बीच ईरान युद्ध को शांत करने की दो दिवसीय वार्ता चल रही थी।

### सीएम ममता बनर्जी का भाजपा पर तीखा हमला

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में बेलदा रैली के दौरान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भाजपा पर जोरदार हमला किया। उन्होंने कहा कि भाजपा चुनाव खत्म होते ही गैस और नकद सहायता बंद कर देगी। ममता ने भाजपा को समाज में नफरत और तनाव फैलाने वाला करार देते हुए जनता से सतर्क रहने की अपील की। उनका कहना था कि भाजपा केवल सत्ता पाने के लिए लोगों को आपस में लड़ाएगी और चुनावी वादों से मुकर जाएगी।

### कुवैत के पावर प्लांट पर ईरान का हमला

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** मिडिल ईस्ट में संघर्ष 31वें दिन और भीषण हो गया है। ईरान ने कुवैत के बिजली और पानी के डीसैलिनेशन प्लांट पर हमला किया, जिसमें एक भारतीय कर्मचारी की मौत हो गई और संयंत्र को भारी नुकसान पहुंचा। पहले भी इस संघर्ष में सात भारतीय मारे जा चुके थे, अब कुल आठ की मौत हो चुकी है। इसके जवाब में इजराइल ने ईरान पर 120 से अधिक बम गिराकर बड़ी एयरस्ट्राइक की है, जिससे तेहरान में आग और धमाके हुए।

# दिल्ली में लश्कर ए तय्यबा का आतंकी शब्बीर अहमद लोन गिरफ्तार



सुरक्षा एजेंसियों को मिली बड़ी सफलता, साजिश नाकाम

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में सुरक्षा एजेंसियों ने एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। लश्कर ए तय्यबा का खूंखार आतंकी शब्बीर अहमद लोन खुफिया जानकारी के आधार पर दिल्ली में दबोच लिया गया। जांच में पता चला है कि लोन बांग्लादेश से पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के इशारे पर भारत में नए आतंकी नेटवर्क तैयार करने और युवाओं को बरगलाकर आतंकी गतिविधियों में शामिल कराने की साजिश में जुटा था।
शब्बीर लोन का नाम आतंकवाद से जुड़ी घटनाओं में नया नहीं है। 2007 में उसे भारी मात्रा में हथियारों, जिसमें एके-47 और ग्रेनेड, के साथ गिरफ्तार किया गया था। उस समय उसके सीधे संबंध लश्कर के सरगना हाफिज सैद और डिप्टी जाकिर उरहमान लखवी से पाए गए थे। लोन को 2018 तक तिहाड़ जेल में रखा गया था, लेकिन रिहाई के बाद वह फिर से आतंकी गतिविधियों में शामिल हो गया। जांच में यह भी सामने आया कि लोन ने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के मुजफ्फराबाद स्थित आतंकी कैंपों में बेसिक और एडवांस ट्रेनिंग ली। वह बांग्लादेश के जरिए भारत में अवैध रूप से रहने वाले युवाओं को भर्ती कर साजिश में शामिल करा रहा था। इसके अलावा, हाल ही में दिल्ली और कोलकाता सहित कई शहरों में भारत विरोधी पोस्टर लगाने में इसी मॉड्यूल का हाथ बताया जा रहा है। अब एजेंसियां लोन से पूछताछ कर रही हैं ताकि भर्ती चैनल, वित्तपोषण और संभावित लक्ष्यों सहित पूरे नेटवर्क की जानकारी प्राप्त की जा सके।

# पुरी : समुद्र की लहरों में बह गए दो पर्यटक, मौत



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** ओडिशा के पुरी से एक दुखद खबर सामने आई है। सोमवार सुबह दो पर्यटक समुद्र में नहाने के दौरान लहरों में फंस गए और गहरे पानी की ओर बह गए। यह घटना सेक्टर–14 लाइटहाउस बीच के पास हुई, जो पर्यटकों में लोकप्रिय स्थल है। मौके पर मौजूद लोगों ने पर्यटकों को संघर्ष करते देखा और तुरंत लाइफगार्ड तथा फायर सर्विस टीम को सूचित किया। सूचना मिलने के तुरंत बाद रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची और दोनों को समुद्र से बाहर निकालने का प्रयास किया गया। काफी कोशिशों के बाद दोनों पर्यटकों को पानी से बाहर निकाल कर पुरी जिला मुख्यालय अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने जांच के बाद दोनों पर्यटकों को मृत घोषित कर दिया। तेज लहर और पानी में लंबे समय तक रहने के कारण उनकी जान नहीं बचाई जा सकी। प्रशासन ने मृतकों की पहचान करने और उनके परिवारों को सूचना देने की कोशिश शुरू कर दी है। यह घटना समुद्र में नहाने के दौरान सावधानी बरतने की आवश्यकता को उजागर करती है। पुरी जैसे समुद्री इलाकों में तेज लहर और अचानक बदलते मौसम की परिस्थितियाँ पर्यटकों के लिए खतरनाक साबित हो सकती हैं। अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि समुद्र में प्रवेश करने से पहले स्थानीय लाइफगार्ड और सुरक्षा निर्देशों का पालन किया जाए। इस हादसे की वीडियो भी सामने आई है, जिसमें देखा जा सकता है कि रेस्क्यू टीम पर्यटकों को बचाने का प्रयास कर रही थी। वीडियो ने समुद्र की खतरनाक धार और पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा की अहमियत को स्पष्ट कर दिया है।

# किम जोंग उन की धमकी, अमेरिका पूरी रेंज में

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने अमेरिका और इज़राइल पर तीखी आलोचना की और अपनी संप्रभुता की रक्षा के लिए किसी भी हद तक जाने की चेतावनी दी। किम की निगरानी में सॉलिड फ्यूल इंजन का सफल परीक्षण किया गया, जो इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइलों के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। इस तकनीक से उत्तर कोरिया सीधे वाशिंगटन या न्यूयॉर्क तक परमाणु हथियार पहुंचा सकता है। ठोस ईंधन वाली मिसाइलों को तेजी से लॉन्च किया जा सकता है, जिसे मिसाइल डिफेंस सिस्टम के लिए ट्रैक करना मुश्किल है। विशेषज्ञ मानते हैं कि यह कदम 5 साल के सैन्य विकास कार्यक्रम का हिस्सा है। अमेरिका और अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने परीक्षण की निंदा की है।

## गैस सिलेंडर की कालाबाजारी पर बड़ी कार्रवाई

# खुफिया सूचना के आधार पर हुई छापेमारी की कार्रवाई, 10 आरोपी गिरफ्तार



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** हैदराबाद में रसोई गैस की कालाबाजारी के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से कुल 414 कमर्शियल गैस सिलेंडर जब्त किए गए हैं, जिनकी कीमत लगभग 21.88 लाख रुपये बताई जा रही है। ये लोग एचपी गैस सिलेंडरों को अवैध तरीके से जमा कर ऊंचे दामों पर बेच रहे थे, जिससे आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।
पुलिस को इस अवैध गतिविधि की जानकारी एक विश्वसनीय स्रोत से मिली थी। इसके बाद टास्क फोर्स, जुबली हिल्स जोन और बंजारा हिल्स पुलिस की संयुक्त टीम ने नागार्जुन एक्स रोड के पास छापेमारी की। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने पाया कि बड़ी संख्या में सिलेंडर अवैध रूप से स्टोर किए गए थे। आरोपियों को वहीं से गिरफ्तार कर लिया गया और सिलेंडर जब्त कर लिए गए। जांच में सामने आया है कि आरोपी लंबे समय से गैस सिलेंडरों की जमाखोरी कर ब्लैक मार्केटिंग में लगे थे। वे बाजार में कृत्रिम कमी पैदा कर ग्राहकों से अधिक कीमत वसूल रहे थे। इस पूरे नेटवर्क को संगठित तरीके से चलाया जा रहा था, जिसमें कई लोग शामिल थे। पुलिस ने इस मामले में उस व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया है, जिसने अपना घर आरोपियों को किराए पर दिया था। उसके परिसर का इस्तेमाल गैस सिलेंडरों को छिपाकर रखने के लिए किया जा रहा था। पुलिस अब इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भी तलाश कर रही है। इसी तरह दिल्ली के रनहोला इलाके में भी पुलिस ने एलपीजी सिलेंडरों की जमाखोरी के खिलाफ अभियान चलाया। यहां एक गैस एजेंसी के मालिक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया और 459 सिलेंडर जब्त किए गए। लगातार हो रही इन कार्रवाइयों से साफ है कि प्रशासन गैस की कालाबाजारी और जमाखोरी पर सख्त रुख अपनाए हुए है। अधिकारियों का कहना है कि इस तरह की गतिविधियों पर रोक लगाकर बाजार में संतुलन बनाए रखना और आम जनता को राहत देना प्राथमिकता है।

# देहरादून में रिटायर्ड ब्रिगेडियर वीके जोशी की गोली मारकर हत्या



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** देहरादून के राजपुर इलाके से एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है। सेना के रिटायर्ड ब्रिगेडियर वीके जोशी की गोली लगने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि ब्रिगेडियर सुबह की मॉर्निंग वॉक पर निकले थे और इसी दौरान उन्हें गोली लगी।
पुलिस के अनुसार, घटना दो वाहनों में हुए ओवरटेकिंग विवाद के दौरान हुई। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने बताया कि दो वाहनों में सवार लोग एक-दूसरे से बहस करने लगे, जिसके बाद गोलीबारी शुरू हो गई। ब्रिगेडियर उस समय सिर्फ सुबह की सैर कर रहे थे और किसी विवाद में शामिल नहीं थे। गोली लगते ही उन्हें अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वहां उनकी मौत हो गई। देहरादून एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि पुलिस ने पूरे इलाके को घेर लिया है और आरोपियों की तलाश में गहन छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। फरार आरोपियों की गाड़ी भी बरामद करने की कोशिश की जा रही है। पुलिस को उम्मीद है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा और कानूनी कार्रवाई शुरू होगी। रिटायर्ड ब्रिगेडियर की उम्र लगभग 70 साल थी।
यह घटना शहर की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है। अधिकारियों ने कहा कि इलाके में अतिरिक्त सुरक्षा बढ़ा दी गई है और लोगों से अपील की गई है कि वे संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें। यह दुखद घटना पूरे शहर में शोक और चिंता का माहौल बना गई है।

## पश्चिम बंगाल : घर में घुसकर धमकाए जा रहे मतदाता

# बीजेपी ने चुनाव आयोग से की शिकायत




**यूनिक समय, नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग से मुलाकात कर मतदाताओं को डराने-धमकाने के आरोप लगाए। केंद्रीय मंत्री किरन रिजिजू ने दावा किया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनकी पार्टी के कार्यकर्ता लोगों को बीजेपी को वोट न देने के लिए धमका रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बंगाल में चुनाव को हाईजैक करने के लिए मतदाताओं को डराया और दबाया जा रहा है।
रिजिजू ने कहा कि पिछले तीन चुनावों से टीएमसी लोगों को धमकाकर जीत रही है और राज्य की पुलिस और प्रशासन पार्टी के प्रभाव में काम कर रहे हैं। इन सभी बिंदुओं को प्रतिनिधिमंडल ने याचिका में चुनाव आयोग को सौंपे। चुनाव आयोग ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि राज्य में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। बीजेपी ने कहा कि बंगाल की जनता टीएमसी सरकार के खिलाफ आवाज उठा रही है और निष्पक्ष चुनाव उनकी सबसे बड़ी मांग है।
पश्चिम बंगाल की 294 सदस्यीय विधानसभा के लिए मतदान 23 अप्रैल और 29 अप्रैल को दो चरणों में होगा। मतगणना 4 मई को की जाएगी। चुनाव से पहले राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप तेज हो गए हैं और जनता इस बार निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान की उम्मीद कर रही है।

# कोलकाता से शंघाई के लिए शुरू हुई सीधी फ्लाइट, इन्डिगो और एयर इंडिया दे रही सेवा



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** कोलकाता और चीन के शहर शंघाई के बीच सोमवार से सीधी हवाई सेवा शुरू हो गई है। इस नई सेवा का औपचारिक उद्घाटन महावाणिज्य दूत प्रतीक माथुर ने किया। दिल्ली के बाद कोलकाता भारत का दूसरा बड़ा शहर बन गया है, जहां से शंघाई के लिए सीधे उड़ानें उपलब्ध होंगी।
भारतीय एयरलाइंस इन्डिगो और एयर इंडिया अब कोलकाता से शंघाई के लिए नियमित उड़ानें चला रही हैं। यह नई कनेक्टिविटी पूर्वी भारत और पूर्वी चीन को करीब लाएगी और व्यापार तथा पर्यटन को बढ़ावा देगी। कोलकाता इस संबंध में एक गेटवे के रूप में काम करेगा, जिससे उत्तर-पूर्वी राज्यों के विकास को भी गति मिलेगी। कोलकाता और शंघाई का संबंध ऐतिहासिक है। महान साहित्यकार रवींद्रनाथ टैगोर ने 1924 से 1929 के बीच तीन बार शंघाई की यात्रा की थी, और वहां उनकी दो मूर्तियां स्थापित हैं। नई उड़ान सेवा रवींद्र जयंती से ठीक पहले शुरू की गई है, जिससे यह सांस्कृतिक महत्व भी रखती है।

## विवाद में वाहन चालक का प्राइवेट पार्ट काटा

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर जिले में गंगापुर-लासुर रोड पर मिनी पिकअप चालक पर एक खौफनाक हमला हुआ। चालक अपने दोस्त के साथ सामान डिलीवर कर लौट रहा था, तभी वाहन में तकनीकी खराबी के कारण उसे सड़क पर रुकना पड़ा। उसी समय एक वैन पास से गुजर रही थी और टक्कर होते-होते बची। यह मामूली घटना तीखे विवाद में बदल गई। वैन में सवार 6-7 लोगों ने चालक पर टूट पड़े। पीड़ित ने पास के खेत की ओर भागने की कोशिश की, लेकिन आरोपियों ने उसे घेर लिया। पहले उसे बुरी तरह पीटा गया, फिर धारदार हथियार से उसके प्राइवेट पार्ट को काट दिया।

# कुरकंदा में दो भाइयों के बीच जमकर चलीं गोलियां

## घटना से गांव में फैली दहशत

## दो बीघा खेत में खड़ी फसल को काटने पर हुआ विवाद

## फायरिंग करने वाले दोनों पक्ष पुलिस को देख भागे

## पुलिस ने घटना स्थल से कारतूस के खोखे बरामद किए

**यूनिक समय, फरह (मथुरा)।** गांव कुरकुंदा में दो भाइयों के बीच आज पैसे के लेनदेन को लेकर हुए विवाद में फायरिंग हुई। दोनों ओर से जमकर गोलियां चलाई गई। गांव में हुई फायरिंग से ग्रामीणों में अफरा तफरी मच गई। पुलिस को आते देख दोनों पक्ष के लोग मौके से भाग खड़े हुए। पुलिस को घटनास्थल से कारतूसों के कई खोखे मिले हैं। कुरकुंदा निवासी सतपाल के अपने बड़े भाई रामेश्वर पर रुपए का लेनदेन बकाया चल रहा था। इसके चलते रामेश्वर ने अपने हिस्से की दो बीघा जमीन सतपाल को एक साल के लिए खेती के लिए दे दी थी। सतपाल को जमीन इसलिए दी थी जिससे उसका बकाया पैसा बराबर हो सके। सतपाल ने खेत में गेहूं की फसल तैयार की थी। बताया गया कि रामेश्वर ने अपने द्वारा भाई को दी गई दो बीघा खेत में खड़ी गेहूं की फसल को काटने लगा। रामेश्वर को खेत में खड़ी फसल को काटते देख सतपाल ने फसल काटने का विरोध किया। इसको लेकर दोनों भाइयों में कहा सुनी हुई और देखते ही देखते दोनों ओर से हथियार निकल आए। दोनों ने एक दूसरे के ऊपर कई राउंड फायरिंग की। दोनों भाइयों के बीच हुई फायरिंग से आस–पास के ग्रामीणों में दहशत फैल गई। गनीमत रही कि दोनों ओर से हुई इस फायरिंग में गोली किसी को नहीं लगी। गांव के लोगों के अनुसार रामेश्वर ने टाउनशिप निवासी भोला के साथ एक टैंकर खरीदा था जिसमें कागजात सतपाल के लगाए गए थे अब टैंकर पर लाखों रुपए टैक्स बकाया हो गया है इस बात पर दोनों भाइयों में कई माह से विवाद चला आ रहा है वहीं रामेश्वर ने सतपाल के बिना बताए टैंकर को भी बेच दिया था।

कुरकंदा गांव में दो भाइयों के बीच हुई फायरिंग की सूचना मिलने पर मौके पर फरह पुलिस के पहुंचने पर फायरिंग करने वाले दोनों पक्षों के लोग मौके से भाग निकले। पुलिस ने मौके से एक खोखा कारतूस बरामद किया है। पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कराया जा रहा है फायरिंग करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### गोलियां चलाने वालों पर होगी कार्रवाई: सीओ रिफाइनरी

सीओ रिफाइनरी अनिल कपरवान ने बताया कि मामला दोनों भाइयों के बीच पैसे के लेनदेन को लेकर है। इसे लेकर गांव कुरकुंदा में दोनों भाइयों के बीच हुए विवाद में दोनों ओर से फायरिंग हुई है। दोनों ओर से कई राउंड फायर हुए जिसके चलते गांव में अफरा तफरी मचने की सूचना पर मौके पर पुलिस पहुंची थी। पुलिस को देखकर दोनों पक्ष के लोग भाग खड़े हुए। इस मामले में थाना फरह में मुकदमा दर्ज कराया जा रहा है। घटना में शामिल लोगों की गिरफ्तारी की जाएगी।




# गौ माताओं की सेवा के लिए आगे आए समाजसेवी उमेश अग्रवाल



गौ माता की प्यास बुझाने के लिए तैयारी करते अग्रवाल समाज बलदेव क्षेत्र के संस्थापक अध्यक्ष उमेश अग्रवाल आदि।

संवाददाता

**यूनिक समय, बलदेव (मथुरा)।** गर्मी के मौसम को देखते हुए लाचार, असहाय गौ माताओं के लिए बलदेव क्षेत्र में अग्रवाल समाज संगठन बलदेव क्षेत्र के तत्वावधान में जल सेवा का क्रम चलाया गया है। इसके लिए क्षेत्र में 50 स्थानों पर प्वाइंट बनाए गए हैं। यहां पर टैंकरों से जल भरवाया जाता है जिससे कि गाय माता के साथ साथ कोई भी पशु गर्मी में प्यासा न रहे। अभी तक प्रतिदिन 6 हजार लीटर पानी की सप्लाई की जा रही है। अग्रवाल समाज संगठन बलदेव क्षेत्र के संस्थापक अध्यक्ष उमेश अग्रवाल ने बताया कि अगले हफ्ते में इन जल के प्वाइंटों को बढ़ा कर सौ किया जाएगा और 18 हजार लीटर पानी प्रतिदिन की सप्लाई करने की तैयारी चल रही है। श्री अग्रवाल ने क्षेत्र के बाशिंदों से गौ सेवा के लिए हो रहे जल सेवा के कार्य में भाग लेने का आह्वान किया है।

# महावीर जयंती पर निकाली गई यात्रा

## जैन समाज के लोग हुए शामिल



महावीर जयंती पर निकाली यात्रा में शामिल जैन समाज के लोग।

**यूनिक समय, मथुरा।** जैन समाज ने 1008 श्री महावीर जयंती समारोह मनाया। 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर की प्रतिमा को रथ पर विराजमान करके जैन समाज ने शहर भ्रमण किया। श्री महावीर भगवान के रथ के सारथी की वोली टेकमैन निवासी आलोक जैन ने ली। उसमें कुछ झांकियां के साथ कुछ बैंड बाजे ताशे के साथ मथुरा जैन समाज ने सामूहिक रूप से नाचते गाते महिलाओं और पुरुषों के साथ बच्चों ने भी भाग लिया। 1008 श्री चंद प्रभू दिगम्बर जैन पंचायती मंदिर जैन गली घीया मंडी से चौंक बाजार, डोरी बाजार, होली गेट से कोतवाली रोड से भरतपुर गेट होते हुए जैन गली पर यात्रा समाप्त की। फिर मंदिर जी में भगवान श्री महावीर जी की प्रतिमा का अभिषेक किया। उसके बाद महावीर भगवान के पालने में झुलाने की वोली भी आलोक जैन एवं उनके भाईयों ने ली। इस मौके पर अध्यक्ष अशोक जैन छाबड़ा,मंत्री अमित जैन, कोषाध्यक्ष प्रबीन जैन, पंडित जिनेन्द्र शास्त्री, संजीव जैन गुड्डा विटूमिन, राजीव जैन, आलोक जैन, अरविंद जैन, डॉ. सुशील जैन, अवनीश जैन, वरिष्ठ अधिवक्ता महावीर प्रसाद जैन, अमित जैन, वीरेंद्र जैन, ईनु अग्रवाल, कुसुम छावड़ा, रेनू जैन, सुजाता जैन, निना जैन, मनीषा जैन, रूचि जैन, सुलेखा जैन, अनीता जैन, नीरू जैन, ममता जैन, वंदना जैन, टीमा जैन, सारिका जैन, मनीषा जैन आदि शामिल थे।

# साध्वी निरंजन ज्योति पहुंचीं ठा. बांकेबिहारी की शरण में

**यूनिक समय, वृंदावन।** राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की अध्यक्ष साध्वी निरंजन ज्योति आज ठाकुर बांके बिहारी मंदिर पहुंची। विधि–विधान से पूजा–अर्चना कर ठाकुरजी के दर्शन किए। उन्होंने पत्रकारों से वार्ता भी की। कहा कि वृंदावन की पावन धरा पर आकर उन्हें आध्यात्मिक शांति की अनुभूति हुई है। बातचीत में उन्होंने केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का जिक्र किया। कहा कि सरकार समाज के सभी वर्गों, विशेषकर पिछड़े वर्ग के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि आयोग भी पिछड़े वर्गों के अधिकारों की रक्षा और उनके विकास के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है।

# मथुरा की दो कंपनियों को मिला एमएसएमई पुरस्कार



**यूनिक समय, मथुरा।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित एमएसएमई प्रादेशिक पुरस्कार 2026 में मथुरा की दो प्रतिष्ठित इकाइयों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जनपद का नाम रोशन किया है। यह सम्मान कानपुर स्थित चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय एमएसएमई एंटरप्रेन्योरशिप कॉन्क्लेव के दौरान एमएसएमई मंत्री राकेश सचान द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर मै. रियू कंस्ट्रक्शन्स प्रा.लि. के प्रोप्राइटर अजय सक्सेना को उत्कृष्ट गुणवत्ता उत्पाद श्रेणी में सम्मानित किया गया। वहीं नवल मोटर्स के डायरेक्टर

## अजय सक्सेना और अभिषेक अग्रवाल हुए सम्मानित

अभिषेक अग्रवाल को सर्विस सेक्टर में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया। अजय सक्सेना की कंपनी ने रेलवे, एयरपोर्ट अथॉरिटी और पावर कॉर्पोरेशन सहित कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं में योगदान दिया है। अभिषेक अग्रवाल की नवल मोटर्स को उनकी सेवा गुणवत्ता और पारदर्शिता के लिए यह सम्मान मिला। इस उपलब्धि से मथुरा के औद्योगिक क्षेत्र को नई पहचान मिली है और स्थानीय उद्यमियों में उत्साह का माहौल है।

# अंतर्विश्वविद्यालयी प्रतियोगिताओं में गूंजा हुनर का जलवा



प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागियों के साथ पदाधिकारी।

## आरसीए कॉलेज में कराई कई प्रतियोगिताएं

**यूनिक समय, मथुरा।** आरसीए बालिका स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विभिन्न अंतर्विश्वविद्यालयी प्रतियोगिताएं कराई। मुख्य अतिथि महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष रमेश चंद मीतल थे। कार्यक्रम में महाविद्यालय प्रबंध समिति के सचिव गिरीश अग्रवाल, प्राचार्या प्रो. अंजुबाला अग्रवाल, पूर्व प्राचार्या प्रो. प्रीति जौहरी एवं प्रदीप दालवाले आदि उपस्थित थे। हरीश चन्द्र अग्रवाल एडवोकेट स्मृति भाषण प्रतियोगिता तथा कन्हैया लाल मूलचन्द अग्रवाल स्मृति वाद–विवाद प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल में प्रो. शोभा पाठक (भूतपूर्व प्राचार्या, के.आर. कॉलेज), डॉ. रमाशंकर पाण्डे (प्रसिद्ध कवि एवं भूतपूर्व प्रोफेसर, के.आर. कॉलेज), प्रो. अशोक कुमार जौहरी (भूतपूर्व प्रोफेसर, के.आर. कॉलेज) शामिल थे। श्री गजानन्द किशन लाल सर्राफ स्मृति अंग्रेजी निबन्ध प्रतियोगिता में डॉ. मेधा खण्डेलवाल और कु. शिवांगी निषाद तथा श्री बैजनाथ जी सर्राफ एवं श्रीमती शांति देवी स्मृति हिंदी निबंध प्रतियोगिता में डॉ. शीला मिश्रा एवं श्रीमती कल्पना सारस्वत निर्णायक थी। श्री पुरुषोत्तम दास एवं श्रीमती ब्रह्मादेवी स्मृति पोस्टर प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ. कुसुम सिंह व श्रीमती कल्पना सारस्वत थी। पद्मविभूषण पं. छन्नूलाल मिश्र स्मृति मानस चौपाई/दोहा गायन प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल में डॉ. शालिनी शर्मा तथा श्री गोपाल अग्रवाल शामिल थे। डॉ. शालिनी शर्मा एवं श्रीमती इंद्रा अग्रवाल दीनानाथ कसेरे स्मृति सुगम संगीत प्रतियोगिता में निर्णायक थे। श्री रूपकिशोर भरतिया एवं श्रीमती बीना भरतिया स्मृति एकल लोकनृत्य प्रतियोगिता में श्रीमती इंद्रा अग्रवाल और डॉ. सीमा मोरवाल निर्णायक थी। इन अंतर्विश्विद्यालयी प्रतियोगिताओं में आरसीए बालिका स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बीएसए कॉलेज, केआर गर्ल्स पीजी कॉलेज , केआर टीटी कॉलेज, श्रीमती प्रेमलता मायादेवी अग्रवाल गर्ल्स पीजी कॉलेज राया, अमरनाथ गर्ल्स पीजी कॉलेज, सेंट जॉन्स कॉलेज आगरा के प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। मानस चौपाई/दोहा गायन प्रतियोगिता, सुगम संगीत प्रतियोगिता और एकल नृत्य प्रतियोगिता का संचालन डॉ सुषमा अग्रवाल ने किया। भाषण एवं वाद–विवाद प्रतियोगिता का संचालन कु. अंजली ने किया। पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि अग्रवाल सभा के सभापति जयंती प्रसाद अग्रवाल थे। महाविद्यालय प्राचार्या प्रो. अंजुबाला अग्रवाल ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट किया। डॉ. भारती सागर ने आभार जताया। संचालन डॉ. भारती सागर और डॉ. अर्चना सोनिया ने किया।

# पत्नी पर तेजाब फेंक कर जलाने वाला गिरफ्तार

**यूनिक समय, मथुरा।** कोतवाली पुलिस ने एक युवक को अपनी पत्नी पर तेजाब फेंक कर गंभीर रूप से घायल करने के मामले में गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार युवक अजय निवासी लक्ष्मीनगर लिंक रोड थाना कोतवाली ने अपनी पत्नी पर तेजाब फेंक कर उसे बुरी तरह से जला दिया था। महिला का इलाज चल रहा है। इस मामले में दर्ज रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने अभियुक्त अजय को गोवर्धन चौराहा पुल के नीचे से गिरफ्तार किया है।